पृथुरसि गुणैर्मूर्त्या रामो नलो भरतो भवान्
महति समरे शत्रुध्नस्त्वं तथा जनक: स्थितौ।
इति सुचरितैर्मूर्त्तिं विभ्रच्चिरन्तनभूभृतां
कथमसि न मान्धाता देवस्त्रिलोकविजय्यपि।। तत्रैव अभिनवभारती।।

अत्र पृथु-राम-नल-भरतादीनां गुणकीर्तनं विधीयते कस्यापि राज्ञ: स्तुतिपरकम्। अभिनवगुप्ताचार्येण अपरमपि अनुष्टुप्परम्पराया: लक्षणतत्त्वस्यास्य स्वरूपं प्रस्तूयते एवम्-

लोके गुणातिरिक्तानां बहूनां यत्र नामभि:।
एको हि शब्द्यते तत्तु विज्ञेयं गुणकीर्तनम्।। तत्रैव अभिनवभारती।।

इत्थं लक्षणानां संख्याया: स्वरूपस्य च निर्धारणाय महत् सम्पादनमपेक्ष्यते नाट्यशास्त्रे सम्प्रत्यपि। परवर्तिन: भोजराजादय: मन्यन्ते यन्नाटकादीनां अस्फुटं लक्ष्मरूपेण विभूषणत्वेन च काव्यस्य प्रसिद्धानि लक्षणतत्त्वान्यसंख्येयानि भवन्ति, तथापि चतुष्षष्टिरेतेषां परिगण्यते (शृ.प्र. १२.३१५-३२२) वाक्यार्थधर्मरूपत्वात्। तद्यथा -

लक्षणानि चतुष्षष्टिरिति यत् प्रागुदीरितम् ।
नाटकादेरस्फुटं लक्ष्म तदिदानीं विविच्यते ।।१२.३१५।।
आशीरनुक्तसिद्धिश्च प्रियं वचनमेव च ।
लक्षणानि चतुष्षष्टिं काव्येष्वेतानि निर्दिशेत् ।।१२.३२२।।
एवञ्च – **एतानि काव्यस्य विभूषणानि प्रायश्चतुष्षष्टिरुदाहृतानि।**
प्रबन्धशोभाकरणाय तज्ज्ञैस्सम्यक् प्रयोज्यानि यथारसानि ।।१२.४६१।।

शारदातनयोऽपि भावप्रकाशस्य अष्टमाधिकारे नयादारभ्य क्षमापर्यन्तं लक्षणतत्त्वानि संकेतयति चतु:षष्टिसंख्याकानि नाट्यालङ्काररूपेण एवम् -

नयातिशयदाक्षिण्यसिद्ध्यभिप्रायगर्हणा:।
उपदिष्टञ्च माला च सार्थापत्तिश्च सम्भ्रम:।।

पश्चात्ताप: प्रसिद्धिश्च हेतुदृष्टान्तसंशया:।
गुणातिपात आक्रन्दो विचार: प्राप्तिरेव च ।।
विशेषणं निरुक्तिश्च कपटञ्च मनोरथ:।
याच्ञा निदर्शनं चाशीरभिमान: स्पृहाऽपि च ।।
पृच्छाऽभिज्ञानमुद्दिष्टं शोभोदाहरणे तथा।
नीतिरक्षरसङ्घात: क्षोभश्चार्थविशेषणम्।।
प्रोत्साहनं गुणाख्यानं गुणोक्तिश्च निवेदनम्।
गुणानुवादोपपत्तिपरिवादोद्यमा अपि ।।
अनुक्तसिद्धि: कार्यं च परिहारस्तथाश्रय:।
उक्तिर्देशोऽनुवृत्तिश्च प्रहर्षश्च क्षमेति च ।।८.२५-३०।।
चतुष्षष्टिरलङ्कारा: कथिता नाटकाश्रया: ।

दशरूपकान्ते धनञ्जयमते अलङ्कारेष्वन्तर्भूतानि भूषणादीनि लक्षणतत्त्वानि पृथङ्नोपादीयन्ते। तद्यथा –

षट्त्रिंशद् भूषणादीनि समादीन्येकविंशति:
लक्ष्मसन्ध्यन्तरङ्गानि सालङ्कारेषु तेषु च ।।दशरूपकम् ४.८५।।

(५)

नाट्यशास्त्रस्य संस्करणेऽस्मिन् मूलपाठस्य निर्धारणं नाट्यशास्त्रस्य परवर्तिनामाचार्याणां परम्परया संवादं विधाय अर्थौचित्यमाश्रित्य च विधीयते। मूलपाठस्य निर्धारणाय केवलं पाण्डुग्रन्था एवात्र नाधारभूता। नाट्यशास्त्रस्य सुदीर्घा परम्परा समुपलभ्यते दण्डिन: काव्यलक्षणादर्शे, धनञ्जयस्य दशरूपके, भोजराजस्य शृङ्गारप्रकाशे, रामचन्द्रगुणचन्द्रयोर्नाट्यदर्पणे, हेमचन्द्राचार्यस्य काव्यानुशासने, विद्यानाथस्य प्रतापरुद्रयशोभूषण, विद्याधरस्य एकावल्याम्, शारदातनयस्य भावप्रकाशे, विश्वनाथकविराजस्य साहित्यदर्पणे, शिङ्गभूपालस्य रसार्णवसुधाकरे, रूपगोस्वामिन: नाटकचन्द्रिकायां नन्दिकेश्वरस्य अभिनयदर्पणे चेत्यादिषु। परम्परायामस्यां नाट्यशास्त्रस्य प्रायेण सम्पूर्णाऽपि प्रमेयसामग्री पौन:पुन्येन प्रस्तूयते परवर्तिभिराचार्यै: सुविचार्य संक्षेपेण। रसार्णवसुधाकरमते शारदातनयमते च शाण्डिल्य:, कोहल:, दत्तिल इत्यादिभिर्भरतपुत्रै: नाट्यशास्त्राणि स्वातन्त्र्येण विरचितान्यासन्। तानि सम्प्रत्युद्धरणेष्वेवोपलभन्ते आचार्याणामेतेषां ग्रन्थेषु। सनातनकविमते साहित्यशास्त्रस्य आचार्याणां परम्परामिमामनुसृत्य द्विसहस्राधिकवर्षप्राचीनस्यास्य नाट्यशास्त्रस्य मूलनिर्धारणे साहाय्यमनुभूयते। अत्र प्रस्तूयते परम्परामिमामनुसृत्य सनातनकविभिरुपात्तं पाठनिर्धारणस्य एकमुदाहरणं नायिकाभेदविषयकमस्मिन् संस्करणे।

नाट्यशास्त्रस्य द्वाविंशत्यध्याये नायिकाया: भेदानां निरूपणं वर्तते। बड़ोदात: प्रकाशिते नाट्यशास्त्रस्य संस्करणे त्रयोविंशतिसंख्याकेषु नायिकाभेदेषु अन्तिमस्य श्वशीलाभेदस्य निरूपणं विधीयते एवम्-

उद्बुद्धगात्रनयना विजृम्भणपरायणा।
दीर्घा/ल्पा-ल्पवदना स्वल्पपाणिपादविभूषिता।।२२.१३३।।
उच्चै:स्वना स्वल्पनिद्रा क्रोधना सुकृतप्रिया।
हीनाऽऽचारा कृतज्ञा च श्वशीला परिकीर्त्तिता।।२२.१३४।।

नाट्यशास्त्रस्य परवर्तिना भावप्रकाशकारेण शारदातनयाचार्येण द्वाविंशति सत्वाश्रिता भेदा: नायिकाया: निरूपिता: सन्ति गोशीलापर्यन्ता:। तद्यथा –

नायिकानां च सर्वासां सत्त्वमत्राभिधीयते ।
धर्मादर्थोऽर्थत: काम: कामात् सुखफलोदय: ।।५.६७।।
सुखस्य मूलं प्रमदास्तासु सम्भोग इष्यते ।
नानाशीलाश्च ता: सर्वा: सत्त्वं स्वं स्वं समाश्रिता: ।।५.६८।।
उपसृप्ता यथाशीलं तृप्ता विदधते रतिम् ।
देव-दानव-गन्धर्व-यक्ष-रक्ष:-पतत्रिणाम् ।।५.६९।।
पिशाच-नाग-व्यालानां नर-वानर-हस्तिनाम् ।
मृग-मीनोष्ट्र-मकर-खर-सूकर-वाजिनाम् ।।५.७०।।
महिषाऽज-गवादीनां तुल्यशीला: स्त्रिय: स्मृता: ।

भावप्रकाशकार: न परिगणयति कथमपि भरतसम्मतमन्तिमं श्वशीलाभेदं नायिकाभेदेषु। एते भेदा: सत्वावलम्बिता: भरतमुनिमाश्रित्य परिकल्पिता: सन्ति भावप्रकाशकारेण एवम् –

एवं प्रदर्शितं शीलं स्त्रीणां भरतवर्त्मना ।
विज्ञाय च यथासत्त्वमुपसर्पेत् ततो बुध:।।५.१०३।।

एतदाधारीकृत्य सनातनकविभिराचार्यै: रेवाप्रसादद्विवेदिभि: नायिकाया: भेदेषु श्वशीलाभेद: पादटिप्पण्यामुल्लिख्यते न पुन: नाट्यशास्त्रस्य मूले। अनौचित्यान्वितत्वाद् एतादृशं सम्पादनमत्र विधीयते नायिकाभेदविषयकम्।

नायिकाया: शीलनिरूपणक्रमेऽपि भरतमुनि: श्वशीलानुरूपं शीलं नोल्लिखति एवम्-

भूयिष्ठमेव लोकोऽयं सुखमिच्छति सर्वदा।
सुखस्य हि स्त्रियो मूलं नानाशीलाश्च ता: पुन:।।
(स्त्रीणां शीलानि)
देव-दानव-गन्धर्व-रक्षो-नाग-पतत्त्रिणाम्।
पिशाच-यक्ष-व्यालानां नर-वानर-हस्तिनाम्।।२२।।
मृगमीनोष्ट्रमकर-खर-सूकर-वाजिनाम्।
महिषाजगवादीनां तुल्यशीला: स्त्रिय: स्मृता:।।२२.९१-९३।।

नायिकाया: सर्वेषां शीलाश्रितभेदानां निरूपणानन्तरं भरतमुनि: कथयत्येवम् -

नानाशीला: स्त्रियो ज्ञेया: स्वं स्वं सत्त्वं समाश्रिता:।
विज्ञाय च यथासत्त्वमुपसेवेत ता: पुन:।।

उपचारो यथासत्त्वं स्त्रीणामल्पोऽपि हर्षद:।
महानप्यन्यथायुक्तो नैव तुष्टिकरो भवेत्।। २२. १३५-१३६।।
धर्मार्थं हि तपश्चर्या सुखार्थं धर्म इष्यते।
सुखस्य मूलं प्रमदास्तासु संभोग इष्यते।।२२.१३८।।

भरतमुनिना नाट्यशास्त्रे उद्देशक्रमे सत्वाश्रिता नायिकाभेदा उल्लिखिता: सन्ति यत्र परिगण्यते श्वशीलानायिकाभेद: स्वातन्त्र्येण। शीलनिरूपणक्रमे अत्रैव पुन: नायिकाया: '**श्वशीलाभेदस्य**' अनुल्लेख: नायिकाप्रकारस्यास्य प्रक्षिप्ततां प्रमाणयति। परवर्तिना भावप्रकाशकारेण नोल्लिख्यते स्वयमेव भरतमुनिनाऽपि नाट्यशास्त्रे नायिकानां शीलनिरूपणप्रसङ्गे नोपादीयते श्वशीलाभेद:। संस्करणेऽस्मिन् परवर्तिनामाचार्याणां परम्परामनुसृत्य नाट्यशास्त्रे परिगणित: नायिकाया: श्वशीलाभेद: प्रक्षिप्तोऽस्तीति समुद्घोष्यते आचार्यै: रेवाप्रसादद्विवेदिभि:, समुल्लिख्यते च पादटिप्पण्यां न पुन: मूलपाठे।

एतदेवाश्रित्य आचार्यचरणा अत्र समुद्घोषयन्ति यन्नास्ति अभिनवगुप्तपादाचार्यस्य अभिनवभारती एव आधारभूता मूलपाठस्य निर्धारणाय नाट्यशास्त्रस्य। नाट्यशास्त्रस्य रचना ख्रीष्टात् पूर्वं तृतीयायां शताब्द्यां सञ्जातेति मन्यते सर्वैरेव ऐकमत्येन। अभिनवभारती विरचिताऽस्ति नवमशताब्द्यां ख्रीष्टस्य। द्वयोर्मध्ये महान् कालव्यतिकरो वर्तते। अत एव मध्यवर्तिनीं नाट्यलक्षणविषयिणीं परवर्तिनामाचार्याणां परम्परामनुल्लिख्य न कर्तुं शक्यते अभिनवभारतीमात्रमाश्रित्य नाट्यशास्त्रस्य मूलपाठस्य निर्धारणम्। य: कश्चन नवीन: पाठ: मध्यवर्तिषु उपलभ्यते आचार्येषु नाट्यशास्त्रविषयक: सोऽस्माभि: प्रथममुपादेय: मूलस्य विचारणायाम्।

(६)

नाट्यशास्त्रस्य रसाध्याये भावाध्याये च वागङ्गसत्वजा ये अभिनया: रसभावेषु दर्शितास्ते द्वादशाध्याये प्रतिपादितेन सामान्याभिनयमाध्यमेन नटादिभि: अभिनयकाले प्रयोज्या भवन्ति। सामान्याभिनये एते अभिनयप्रकारा: समानमानत्वेनोपादीयन्ते भरतमुनिमते। सामान्याभिनयस्य लक्षणं भरतमुनिना विधीयते एवम् –

शिरोहस्तकटीवक्षोजङ्घोरुकरणेषु तु।
सम: कर्मविभागो य: सामान्याभिनयस्तु स:।।
ललितैर्हस्तसञ्चारैस्तथा मृद्वङ्गचेष्टितै:।
अभिनेयन्तु नाट्यज्ञै: रसभावसमन्वितम्।।२२.६५-६६।।

सामान्याभिनय वागङ्गसत्वजो भवति। अत्र पुन: सर्वेष्वपि अङ्गेषु समानरूपेणाभिनयस्य विभागो विधीयते। तद्यथा –

सामान्याभिनयो नाम ज्ञेयो वागङ्गसत्वज:।
सत्वे कार्य: प्रयत्नस्तु नाट्यं सत्वे प्रतिष्ठितम्।।२२.१।।

सनातनकविमते सामान्याभिनये पुन: **अभिनयसामान्यं** महत्त्वं बिभर्ति। समानो मान: समान: तस्य भाव: सामान्यमिति नवीना व्युत्पत्ति: सामान्यशब्दस्य आचार्येणोपात्ता। सममानत्वं नाम समानत्वेनात्र प्रोल्लिख्यते यतो हि वागङ्गसत्वजा अभिनयप्रकारा: समानमानत्वेनात्रोपादीयन्ते।

वागङ्गसत्वजा ये अभिनप्रकारा:- वाचिक:, आङ्गिक: सात्विकश्च सन्ति एतेषां त्रयाणां संवादी न पुन: विसंवादी मिश्रणं सामान्याभिनये अपेक्ष्यते, अलातचक्रवत्। अलातचक्रे पुन: सूक्ष्मातिसूक्ष्मानामग्नि कणानामने-केषां पङ्क्तिरेकैवावभासते सत्स्वपि तेषां मध्ये भेदात्। एतादृशं समत्वं सामान्याभिनयेऽपि– '**सम: कर्मविभागो य: सामान्याभिनयस्तु स:**' (२२.६५) इत्येवं प्रकारेण भरतमुनिना अपेक्ष्यते। अभिनवगुप्ताचार्यमते सत्त्वं हि नाम चिति:, जीवितेनैव नटेनाभिनस्य सम्पादनात्। जीवितं हि नाम चित्या अधिष्ठितं चित्तमित्यभिधीयते। चितेरस्या: प्रवाह: अभिनयप्रकारेषु समत्वेनोपस्थित: संदृश्यते।

अभिनवगुप्ताचार्यमते आहार्याभिनयप्रकारोऽत्र सामान्याभिनये नोपादीयते सिद्धस्वरूपत्वात्, मध्ये स्थिरत्वेनावस्थानाद् अयत्नसिद्धत्वाच्च। तथापि आहार्याभिनयेऽपि भविष्यति सामान्याभिनयचिन्ता न तु सर्वथैवास्य तत्र त्याग:। स्त्रीणां स्वभावजा दश अलङ्कारा: लीलादय: भरतमुनिना परिकल्पिता: सन्ति।[८] एतेषु आहार्यस्य विच्छित्तौ सातिशयं निरूपणं विधीयते भरतमुनिना नाट्यशास्त्रे एवम् –

माल्याच्छादनभूषणविलेपनानामनादरन्यास:।
स्वल्पोऽपि परां शोभां जनयति यस्मात् तु विच्छित्ति: ।।ना.शा.२२.१५।।

माल्यादीनामलङ्करणानामल्पोऽप्यव्यवस्थितो विन्यास: कामपि अद्वितीयां शोभां जनयति विच्छित्तौ। कुमारसम्भवस्य सप्तमसर्गे महाकवि: कालिदास: विच्छित्तिमिमामाश्रित्योपवर्णयति भगवत्या: पार्वत्या: सौन्दर्यं भवेन सह परिणयायोपस्थिताया एवम् –

कर्णार्पितो रोध्रकषायरूक्षे गोरोचनाभेदनितान्तगौरे ।
तस्या: कपोले परभागशोभां बबन्ध चक्षूंषि यवप्ररोह: ।।कुमा. ७.१७।।

एवञ्च विभ्रमेऽपि पुन: आहार्याभिनय: समाविश्यते एवम् –

विविधानामार्थानां वागङ्गाहार्यसत्त्वयोगानाम् ।
मदरागजनितो व्यत्यासो विभ्रमो ज्ञेय: ।।ना.शा. २२.१६।।

चतुर्णामप्यभिनप्रकाराणामत्र मदरागाभ्यां जनित: व्यत्यास: शोभातिशयकारी भवति। अभिनयस्य लक्षणं मुनिना विधीयते एवम् –

विभावयति यस्माच्च नानार्थान् हि प्रयोगत: ।
शाखाङ्गोपाङ्गसंयुक्तस्तस्मादभिनय: स्मृत: ।। ना.शा. ८.७।।

विभावनव्यापारेण[९] सर्वमपि प्रातिभासिकं विश्वमुत्पाद्यते सहृदयहृदयाह्लादाय काव्यमुखेन कविप्रतिभया सत्यतया।

अभिनये नटस्याभिनयाय प्रवर्तमानस्य शाखा: सन्ति - शिर:, मुखं, जङ्घा, ऊरू, पाणि:, पाद: इत्येवम् –

---

[८] लीला विलासो विच्छित्तिर्विभ्रम: किलकिञ्चितम् ।
मोट्टायितं कुट्टमितं बिब्बोको ललितं तथा।
विहृतं चेति विज्ञेया दश स्त्रीणां स्वभावज: ।। ना.शा. २२.११-१२।।

[९] विभावना विना हेतुं कार्योत्पत्तिर्यदुच्यते ।। काव्यप्रकाश: १०.२२।।

यत् तु शिरोमुखजङ्घोरुपाणिपादैर्यथाक्रमं क्रियते।
शाखादर्शनमार्ग: शाखाभिनय: स विज्ञेय: ॥ ना.शा. २२.४४॥

अभिनयस्य सम्पादनाय प्रवृत्तस्य नटस्य अङ्गानि भवन्ति- शिर:, हस्तं, कटी, वक्ष:, पार्श्वक:, पादम् इत्येवम् –

तस्य शिरोहस्तकटीवक्ष: पार्श्वकपादसमन्वित:।
अङ्गप्रत्यङ्गसंयुक्त: षडङ्गो नाट्यसंगङ्ग्रह: ॥८.१२॥

अभिनयक्रमे नटस्याभिनये प्रवर्तमानस्य उपाङ्गानि भवन्ति- शिर:, हस्तं, ऊरू, वक्ष:, पार्श्वक:, कटी, पादमिति सन्ति –

तस्य शिरोहस्तोर: पार्श्वकटीपादत: षडङ्गानि।
नेत्रभ्रूनासाधरकपोलचिबुकान्युपाङ्गानि ॥८.१३॥

भाव:, हावो हेला चैतेषां त्रयाणां प्राधान्यं समुपलभ्यते अभिनयप्रकारेषु सत्वाश्रितेषु। भरतमुनिमते देहात्मकं सत्त्वं भवति, सत्त्वेन भाव: समुत्थीयते, भावाद् भवति हाव:, हावाद्धेला समुपजायते। एते स्वाभाविका भवन्ति नटे परस्परसमुत्थिता अपि। सत्त्वं हि नाम चैतन्यात्मको देह: नटस्य सहृदयस्य वा। तत्रोत्पद्यन्ते **भावा**: वाचा, अङ्गसञ्चालनेन सात्विकै: मुखरागादिभिरभिनय-प्रकारै:। भावैरेतै: कवेरन्तर्गता भावा अभिनीयन्ते सहृदयानामनुभूतये चमत्कारैकरूपिण्या:। शृङ्गारचेष्टासम्पन्ना अक्षिभ्रूविकारप्रपूरिता: ग्रीवारेचकादयो भावा: **हाव**पदवाच्या भवन्ति अनुभाव-रूपत्वात्। शृङ्गाररसोत्पन्ना: ललितात्मका: हावा: हेलापदवाच्या भवन्ति। तद्यथा –

देहात्मकं भवेत् सत्त्वं सत्त्वाद् भाव: समुत्थित:।
भावात् समुत्थितो हावो हावाद्धेला समुत्थिता॥
भावो हावश्च हेला च परस्परसमुत्थिता:।
सत्त्वभेदा भवन्त्येते शरीरे प्रकृतिस्थिता:॥
वागङ्गमुखरागेण सत्त्वेनाभिनयेन च।
कवेरन्तर्गतं भावं भावयन् भाव उच्यते॥
तत्राक्षिभ्रूविकाराढ्य: शृङ्गाररसंभवा।
सग्रीवारेचको ज्ञेयो हाव: सत्त्वसमुत्थित:॥
यो वै हाव: स एवैषा शृङ्गाररससंभवा।
समाख्याता बुधैर्हेला ललिताभिनयात्मिका ॥ ना.शा.२२.६-१०॥

लीलाविलासादीनां स्वभावजां दश संख्याकानां स्त्रीणां दशालङ्काराणां, सप्त संख्याकानां तासामेवा-यत्नजानामलङ्काराणानां शोभा, कान्ति: दीप्त्यादीनाम्, षट्संख्याकानां शारीराभिनयानां वाक्यं, सूचा अङ्कुरादीनाम्, आलाप:, प्रलाप:, विलाप:, अनुलाप:, संलाप:, अपलाप:, संदेश:/व्यतिदेश:/निर्देश:, व्यपदेश:, उपदेश:, अपदेश: इत्येतेषां वाचिकाभिनयभेदानां मार्गाभिनयप्रकारत्वेन परिकल्पितानाम् अत्र विस्तरेण विचारणा विधीयते (ना.शा. २२अध्याय:)।

आचार्यै: रेवाप्रसादद्विवेदिभि: नाट्यशास्त्रस्य संस्करणस्यास्य भूमिकायामुल्लिख्यते यदस्ति अभिनवगुप्ताचार्यस्य सामान्याभिनयशब्दस्य व्याख्यानमतार्किकम्। एतेषां मते '**सामान्यम्**' इत्यस्य

शब्दस्य निरुक्ति: रङ्गप्राश्निकानां विचारप्रसङ्गे सप्तविंशाध्याये आचार्येण भरतमुनिना विधीयते '**समत्वम्**' इत्यस्य पदस्य व्याख्यानक्रमे। तद्यथा-

समत्वमङ्गमाधुर्यं पाठ्यं प्रकृतयो रसा: ।
वाद्यं गानं सनेपथ्यमेतज्ज्ञेयं प्रयत्नत: ।।२७.७६।।

अत्र आचार्येण भरतमुनिना 'समत्वम्' इत्यस्य स्वरूपम् एवं प्रस्तूयते-

गीतवादित्रतालेन कलान्तरकलासु च ।
यदङ्गं क्रियते नाट्यं समन्तात् सममुच्यते ।।
अङ्गोपाङ्गसमायुक्तं गीततालललयान्वितम् ।
गानवाद्यसमत्वं च तद् बुधै: सममुच्यते ।।२७. ७७-७८।।

गीतवाद्यतालानां समता समत्वपदवाच्या भवति। अत्र पुन: कलाकलान्तरेण समाविश्य प्रवर्तते। अङ्गानामुपाङ्गानाञ्च समानता, गीतताललययुक्तं गानवाद्यानां समत्वमपि 'समसंज्ञया' विद्वद्भिर्विनिर्दिश्यते। सामान्याभिनये पुन: एतेषां समेषामपि सममानत्वेन स्थितिरपेक्ष्यते तदाश्रितश्चाभिनयो भवति सामान्याभिनय: भरतमुनिसम्मत:।

द्वाविंशाध्याये सामान्याभिनयस्य व्याख्यानविषये या अभिनवभारती समुपलभ्यते तत्र नास्ति '**समत्वम्**' इत्येतस्यास्यात्र सप्तविंशाध्याये उपात्तस्य विशिष्टस्य व्याख्यानस्य परिगणनम्। सामान्याभिनयस्य व्याख्यानं भरतमुनिसम्मतं समत्वस्यास्य स्वरूपमवलम्ब्यैव कर्तुं शक्यते नान्यथेति आचार्या रेवाप्रसादद्विवेदिन:।

इत्थं बड़ौदा संस्करणे काव्यलक्षणात्मकेषु (१-३,६,७,१३-२७,३५-३६ इत्येतेषु) द्वाविंशत्यध्यायेषु २७७२ कारिका: वर्तन्ते। एतासु प्रकाशितासु कारिकासु सनातनकविभि: सम्पादिते प्रकृतसंस्करणे २५१६ कारिका: संभूय मूलत्वेनोपात्ता: सन्ति, २५७ कारिकाश्च प्रक्षिप्ता सन्तीति समुद्घोष्यते सपादनक्रमे। संस्करणेऽस्मिन् या: कारिका: अभिनगुप्तपादाचार्यै अभिनवभारत्यां नोपात्ता न च टीकया संवलितास्तासां प्रक्षिप्तत्वेन समावेशो वर्तते न पुन: मूलत्वेन। यत्र कुत्रापि मूलेन सह विसंवाद: समुपलभ्यते तस्य समुल्लेखो विधीयते सुविचार्य पाटटिप्पण्याम्। बड़ौदात: प्रकाशिते नाट्यशास्त्रस्य संस्करणे अनेका: कारिका: कोष्ठकमध्ये प्रक्षिप्तत्वेन परिकल्प्यापि मूलपाठेन सह प्रकाशिता: सन्ति। यद्येतासु नोपलभ्यते अभिनवभारती तर्हि प्रकृतसंस्करणे सनातनकविभि: एता मूलत्वेन नोपादीयन्ते ।

इत्थं सनातनकविभि: नाट्यशास्त्रस्याभिनवं सुसम्पाद्य प्रकाशितं संस्करणं समुपलभ्यते काव्यलक्षणात्मकं समेषामेव नाट्यशास्त्रानुशीलनाय प्रवृत्तानां सहृदयचञ्चरीकाणां कृते।

नाट्यविषयस्यास्यानुशीलनेन भुक्तिपूर्वकं मुक्तिं लभन्ते काव्यपरायणा: कवय: सहृदयाश्च भावप्रकाशमते इत्थम् –

इत्यादि सर्वमवधार्य कवि: प्रबन्धं
कुर्याद् यथा बुधजन: शृणुयात् सुखेन ।
विद्वज्जनश्रवणवर्त्मसुखात् प्रबन्धो
नेतु: कवेरपि विधास्यति भुक्तिमुक्ती ।।भावप्रकाश: ९.३१५।।

नाट्यशास्त्र के पाठ में विभिन्न स्तरों की पहचान—कुछ संकेत

वसन्तकुमार म. भट्ट

भूमिका:- संस्कृत, पालि-प्राकृत भाषा में लिखे गये सभी ग्रन्थों के पाठ एक पीढी से दूसरी पीढी के पास अलग अलग तरीके से पहुँचा है। प्राचीन काल में मुद्रणकला का आविष्कार नहीं हुआ था, तब मानवकृत प्रतिलिपिकरण से पाण्डुलिपियों के माध्यम से पाठसंचरण होता रहा है। लेकिन सभी प्रकार के ग्रन्थों की पाठसंचरण विधा आदिकाल से एक समान नहीं रही है। जैसे कि- (1) वेदों की मन्त्र-संहिताओं के पाठ श्रुतिपरम्परा से (गुरु-शिष्य या पिता-पुत्र की मौखिक पद्धति से) पहुँचा है और उस तरह के पाठ-संचरण में कोई अशुद्धि या विकृति प्रविष्ट नहीं हुई है। क्योंकि वेदमन्त्रों को ईश्वर का निःश्वसित माना गया है, ईश्वरप्रणीत माना गया है, जिसके कारण उनको जटापाठ, घनपाठादि अष्ट विकृतियों से सस्वर कण्ठस्थ किये गये हैं। वेदमन्त्रों को भारतीय परम्परा में अपौरुषेय यानी अकर्तृक रचनावाले माने गये हैं। (2) प्राचीन एवं मध्यकाल में राजा-महाराजाओं ने अपनी प्रशस्तियाँ, दानपत्र, राजाज्ञाओं या धर्मोपदेशादि जाहिर करने के लिए जो शिलालेख, ताम्रपत्र, स्तम्भलेखादि खुदवाये थे। उन पर जो लेखित दस्तावेज प्राप्त होते हैं उनको उत्कीर्ण साहित्य कहा जाता है। ऐसे उत्कीर्ण पाठ भी भूकम्प या बिजली गिरने से नष्ट-भ्रष्ट होते हैं। अतः उनका भी सही पाठ सम्पादित करने की आवश्यकता रहती है। (3) रामायण, महाभारत, पुराण, नाट्यशास्त्र आदि कुछ ग्रन्थ ऐसे हैं जिनको प्रोक्त (=प्रवचन के माध्यम से फैला हुआ) साहित्य कहा जा सकता है। ऐसे ग्रन्थों के पाठ सामान्यतः अनेक-कर्तृक होते हैं। क्योंकि ऐसे ग्रन्थ अनेक कालखण्ड में, अनेक प्रदेशों के अनेक व्यक्तियों के सामूहिक प्रयासों से आकारित होते रहे हैं।[1] इस प्रकार के साहित्य में भरत मुनि के नाट्यशास्त्र (तथा चरक एवं सुश्रुत की आयुर्वेद-संहिताओं) का भी समावेश होता है। क्योंकि ये शास्त्र प्रयोगलक्ष्यी एवं प्रयोगशील होने के कारण परवर्ती काल के प्रयोगकर्ताओं ने अपने अनुभव एवं कौशल के आधार पर परम्परागत ज्ञान को समृद्ध एवं नवीकृत भी किया है। यह बात प्रायः सर्वसम्मत है कि भरतमुनि का नाट्यशास्त्र भी, जो प्रथम क्षण में एक-कर्तृक होते हुए भी, कालान्तर में अनेक भरतों (नटों) ने अपने अनुभवादि के आधार पर बहुत कुछ बदला भी है एवं नये पाठ्यांश जोडे भी हैं। पाँच भरत सुप्रसिद्ध हैः- वृद्धभरत, नन्दिभरत,

[1] उदाहरणतया, सब से पहले व्यास ने गणेश जी के द्वारा 8000 श्लोकवाला युद्धकाव्य जो लिखवाया था, उसका नाम "जयसंहिता" था। दूसरे स्तर पर, व्यास के शिष्य वैशम्पायन ने उसमें भरत वंश की कथा संमिलित की, तब वह "भारत-संहिता" नामक वंशकथा रूप 24,000 श्लोकवाला काव्य बना। तीसरे स्तर पर, सूत ने (पौराणिक व्यक्ति ने) शौनकादि मुनिओं के सामने उसका पारायण करते समय उसमें अनेक नये आख्यान-उपाख्यानादि प्रक्षिप्त किये। जिससे वह एक लाख श्लोकवाला "महाभारत" नामका धर्मकाव्य बन गया।

कोहलभरत, दत्तिलभरत एवं मतंगभरत। अतः आज उपलब्ध हो रहा नाट्यशास्त्र भी "प्रोक्त प्रकार" का (अनेक-कर्तृक) ग्रन्थ कहा जायेगा। (4) चौथे प्रकार के जो ग्रन्थ हैं, जिनमें काव्य, नाटक, वृत्ति, भाष्य, टीका-टिप्पणादि का समावेश होता है। यह "कृत" प्रकार का साहित्य एक-कर्तृक होता है। जो प्रतिलिपिकरण की परम्परा से हम तक पहुँचा है। (5) भगवान् बुद्ध एवं भगवान् महावीर की वाणी मूल में "श्रुत साहित्य" ही है। क्योंकि उन्होंने कागज-कलम उठा कर, धर्मोपदेश लिख कर अपने शिष्यों को नहीं दिया था। उनके श्रीमुख से निकले धर्मवचन शिष्यों ने सुन कर स्मृतिबद्ध किये थे और पहले तो मौखिक परम्परा से ही प्रवाहित किये थे। तथा शताब्दीओं के बाद उनको लिपिबद्ध किये गये हैं।।

संस्कृत ग्रन्थों का यह पञ्च विध पाठ एवं उन सब के लिए प्रयुक्त की गई पाठसंचरण की अलग अलग विधाएं ऐसा सूचित कर रही हैं कि वेदमन्त्रों के साहित्य को छोड कर, अन्य चारों प्रकार के साहित्य का जो पाठ प्रकाशित ग्रन्थों में या पाण्डुलिपियों में उपलब्ध हो रहा है वह अपने मूल रूप में (यथातथ, बिना विकृत हुए) हम तक पहुँचा ही नहीं है। तथा उन सभी प्रकारों के पाठ की संचरण-विधा के अनुसार उनसे जुडी समस्याएँ भी भिन्न भिन्न हैं। अतः उन सब के लिए पाठालोचना की पद्धति तथा पाठ-सम्पादन के सिद्धान्त भी भिन्न भिन्न स्वरूप के ही सोचना होगा। प्रस्तुत आलेख में हमें, "प्रोक्त साहित्य" के रूप में नाट्यशास्त्र की पाठालोचना करनी होगी। यहाँ पाठालोचक का प्रथम कर्तव्य पाण्डुलिपियों में संचरित हुई अशुद्धियाँ दूर करना होता है। लेकिन दूसरा कर्तव्य यही भी होगा कि परम्परागत पाण्डुलिपियों में जहाँ जहाँ पर पाठभेद है, पाठ्यांश कम–ज्यादा है, (यानी पाठ में संक्षेप एवं प्रक्षेपादि है), उनका तुलनात्मक अध्ययन किया जाय। जिससे दो हजार वर्ष पहले लिखे गये इस ग्रन्थ के पाठ्यांशों में निगूहित पुनरुक्तियाँ, नियमों में की गई वैकल्पिक व्यवस्थाएं, प्रसंग-संगति का भंग, पूर्वापर-विरोध, कथन-शैली में बहुरूपता एवं विषयान्तरादि की पहचान हो सकेगी।।

[1]

नाट्यशास्त्र के चार से अधिक संस्करण वर्तमान समय में उपलब्ध हो रहे हैं। (1) सब से पहला निर्णय सागर प्रेस, मुंबई का प्रकाशन 1894 में हुआ था। इसके अन्तिम पृष्ठ (447) पर दी गई पादटिप्पणी में लिखा है कि पाठ सम्पादक को दो पाण्डुलिपियाँ मिली थी, जो समान स्थानों में खण्डित होने से ऐसा सिद्ध होता है कि उन दोनों पाण्डुलिपियों की आदर्श-प्रति मूल में तो एक ही होगी। यह कोई समीक्षितावृत्ति नहीं है, और केवल दुर्लभ ग्रन्थ के पाठ की रक्षा करने के हेतु से ही उसका प्रकाशन किया जाता है- ऐसा उसके सम्पादकों ने लिखा है।[2] (2) उसके बाद, बनारस हिन्दू युनिवर्सिटी, वाराणसी के द्वारा अन्य दो पाण्डुलिपियों के आधार पर नाट्यशास्त्र के पाठ का सम्पादन करने का प्रयास ई.स.1929 में किया गया। जिसके दो सम्पादक थे- 1. श्रीबटुकनाथ शर्मा एवं श्री बलदेव उपाध्याय। इस सम्पादन की भूमिका लिखने की प्रार्थना महामहोपाध्याय गोपीनाथ कविराज को की गई थी। लेकिन समयाभाव से वे नहीं लिख पाये और बिना किसी औपचारिक प्रस्तावना ही उस ग्रन्थ को प्रकाशित किया गया है।

[2] अस्य शास्त्रस्येदानीं विरलप्रचारत्वेन दुर्लभतया महता कष्टेन पुस्तकद्वयमासादितम्। तत्रापि द्वयोरपि तुल्यत्रुटि-(त) पाठोपलम्भेनैकादर्शकत्वमेवानुमीयते। एवञ्च पुस्तकान्तरालाभेन यथाशक्यं पाठे शोधितेऽप्यशुद्धीनामशक्य-ज्ञाना_नां संदिग्धपाठानां च बहुत्वेन शुद्धिपरिश्रमस्याशुद्धिसागरे निमज्जितत्वेऽपि केवलं ग्रन्थप्रकाशनमात्रं प्रयोजनं मत्वा प्राकाश्यं नीतः।।

अतः उपयोग में ली गई वे दो पाण्डुलिपियों का कुछ विवरण, लेखनकाल या उन दोनों में क्या तारतम्य था? वह हम नहीं जान पाते हैं। इन दोनों का तुलनात्मक अध्ययन करने से देखा जाता है कि मुंबई के संस्करण में 37 अध्यायों में कुल 4998 श्लोक हैं, तथा काशी के संस्करण में 36 अध्यायों में 5,556 श्लोक हैं। यानी काशी के संस्करण में 558 श्लोक अधिक है। (3) ओरिएन्टल इन्स्टीट्युट, म. सा. युनि. ऑफ बरोडा, वडोदरा ने नाट्यशास्त्र की समीक्षित आवृत्ति निकाली है। उसका पाठसम्पादन श्रीरामकृष्ण कवि ने ई.स.1926 में, 40 पाण्डुलिपियों के सहारे,[3] करना शूरु किया था। तथा उसकी द्वितीयावृत्ति पुनः संशोधित पाठ के साथ ई.स. 1956 में श्री के. एस. रामस्वामी ने प्रकाशित की है। (जिसमें उन्होंने अपने पुरोगामी सम्पादक के वाचना-विषयक विचार को अमान्य किया था। उन्होंने लिखा है कि नाट्यशास्त्र की "उत्तरी वाचना एवं दाक्षिणात्य वाचना" जैसा कोई भेद दिखता नहीं हैं। एवञ्च इयत्ता की दृष्टि से नाट्यशास्त्र का लघुपाठ एवं बृहत्पाठ जैसे भेद हो ऐसा भी नहीं लगता है।) इन दोनों के बाद भी प्रोफे. के. कृष्णमूर्ति, डॉ. वी. एम. कुलकर्णी आदि विद्वानों ने कुछ और नये संस्कार करके तृतीय-चतुर्थ संस्करण निकाले हैं। (प्रस्तुत आलेख में अभिनवगुप्त की टीका सहित के इन सम्पादनों का ही विनियोग किया गया है।) लेकिन इस सम्पादन में, अभिनवगुप्तपाद की अभिनवभारती टीका का भी समीक्षित पाठ देने का उपक्रम रहा है। अतः उस वडोदरा की आवृत्ति में जो पाठ सम्पादित किया है वह 11वीं शती में अभिनवगुप्त के सामने प्रचलित रहे पाठ को प्रस्तुत करता है। उस 11वीं शती से भी पुराना, प्राचीनतम पाठ ढूँढने का उपक्रम वहाँ था ही नहीं। (4) इन्दिरा गान्धी राष्ट्रिय कला केन्द्र की वाराणसी शाखा ने भुजीमोल, नेवारी एवं देवनागरी लिपियों में लिखी आठ नयी पाण्डुलिपियों का विनियोग करके प्रथम 14 अध्याय तक का नाट्यशास्त्र ई.स. 2015 में प्रकाशित किया है। इस नेवारी पाठपरम्परा का वैशिष्ट्य यह है कि उसमें आठ नहीं, नव रसों की गिनतीवाला पाठ संगृहीत किया है।[4] यानी यह पाठ भी अभिनवगुप्तपादाचार्य के समयवाला ही होगा। (5) इन्दिरा गान्धी राष्ट्रिय कला केन्द्र की वाराणसी शाखा ने जो नेवारी नाट्यशास्त्र का समीक्षित पाठसम्पादन शूरु किया है, उसमें जयपुर के अनिर्दिष्ट नाम, स्थानादिवाले "पोथीखाना" से प्राप्त की गई कागज पर लिखी दो देवनागरी पाण्डुलिपियों (क्रमांक 4887 एवं 6587) की भी सहायता ली हैं। इनमें से दूसरी पाण्डुलिपि विक्रमसंवत 1734 (ई.स.1677) में लिखी गई है। इन दोनों प्रतियों में नाट्यशास्त्र के 38 अध्यायवाला पाठ मिलता है।।

इन प्रकाशित संस्करणों से ही मालूम होता है कि इनमें एक समान इयत्तावाला पाठ उपलब्ध नहीं होता है। अतः नाट्यशास्त्र की पाठालोचना का अवशिष्ट कार्य करना चाहिए। जिससे हम विभिन्न काल खण्ड में जुडे नवीन पाठ्यांशों को पहचान सकें। क्योंकि पाठालोचना का मूलभूत लक्ष्य तो यही है कि दो हजार वर्षों से चले आ रहे पाठ में से, सब से पहले तो प्राचीन से प्राचीनतर, एवं प्राचीनतर से

---

[3] इन में से 14 पाण्डुलिपियाँ ही ओरिएन्टल इन्स्टीट्युट, वडोदरा के पाण्डुलिपि-संग्रह में उपलब्ध हैं। (यह भी कथनीय है कि श्रीरामकृष्ण कवि ने 40 पाण्डुलिपियों के क्रमांक एवं प्राप्ति-स्थानादि का विवरण नहीं दिया है)

[4] *हास्यशृङ्गारकरुणा वीररौद्रभयानकाः। बीभत्साद्भुत-शान्ताश्च नव नाट्यरसाः स्मृताः*॥6-14॥, किन्तु उसके बाद जब स्थायिभावों की गिनती प्रस्तुत की जाती है तब उस कारिका में केवल 8 स्थायिभाव ही है, उनमें शम नामका स्थायिभाव नहीं लिखा है। *हासो रतिश्च शोकश्च क्रोधोत्साहौ भयं तथा। जुगुप्सा विस्मयश्चैव स्थायिभावाः प्रकीर्तिताः* ॥6-16॥ इसका फलितार्थ यही हो सकता है कि यह नेवारी नाट्यशास्त्र में संचरित हुआ पाठ 11वी शती से पहले का हो ही नहीं सकता है। एवं यह पाठ अभिनवगुप्तपादाचार्य के द्वारा स्वीकृत परम्परा का अनुसरण करनेवाला कहा जा सकता है।

प्राचीनतम पाठ को पहचाना जाय। पश्चात् उसीको समीक्षित पाठ के रूप में सम्पादित किया जाय। (तथा जो प्राचीनतर या प्राचीन, या अर्वाचीन पाठ्यांश हो उनको पाठान्तर के रूप में पादटिप्पणी में समाविष्ट किया जाय।) क्योंकि अभिनवगुप्त के द्वारा स्वीकृत पाठ से भी पुराना हो ऐसा पाठ ही मौलिक पाठ के नजदीक होने का सविशेष दावा कर सकता है। यहाँ विभिन्न स्तरों के पाठ को पहचानने के लिए इति दिङ्न्याय से कुछ विचार किया है, जो प्राचीनतम पाठ की पहचान करने में सहायक हो सकते हैं।।[5]

[2]

नाट्यशास्त्र में अनेक विषयों का निरूपण हुआ दिखता है। लेकिन शूरुआत में, उनमें से प्रधानीभूत विषय कौन रहे होंगे और बाद में, किन प्रासंगिक एवं आनुषंगिक विषयों का समावेश हुआ होगा? उस पर थोडी चर्चा करना जरूरी है। (1) नाट्य का उद्भव-बिन्दु (= नाट्योत्पत्ति), रंगभूमि की संरचनाएं, आंगिक, वाचिक, एवं सात्त्विक जैसे चतुर्विध अभिनय तथा रस-सिद्धान्त की प्रस्तुति। (2) इन केन्द्रीभूत विषयों के साथ प्रासंगिकतया दशविध रूपक, उनके भेदक लक्षणों की उपस्थापना, वस्तुग्रथन में आवश्यक ऐसे पाँच सन्धि एवं 64 सन्ध्यङ्गों का विचार, नायक-नायिका के भेद एवं अवस्थाओं का समावेश होना आवश्यक है। (3) तत्पश्चात् नाट्य "अभिनेय-काव्य" होने से, उसके साथ संगीत एवं नृत्य जैसे अन्य दों विषयों का प्रवेश आनुषंगिकतया होना भी अनिवार्य लगता है। (4) रूपकों के पाठ्यांश में गद्य के साथ पद्य का भी उपयोग होता है। अतः कालान्तर में, नाट्यशास्त्र में काव्य के गुण, दोष, अलंकार एवं छन्दः-शास्त्रीय विषय भी घुसते रहे हैं, लेकिन वे दूराकृष्ट विषय हैं। (5) एवमेव, वाचिकाभिनय में काकु-स्वर की चर्चा होनी अनिवार्य है। परन्तु भाषा विषयक विचारों के साथ व्याकरण का विषय भी चुपकी से साथ में बिठाया जाता है। (6) एवमेव, संगीत के अन्तर्गत मूर्च्छना, ताल, लय, अनेक वाद्यों का विषय भी ना.शा. में चला आता है। अन्ततो गत्वा "जो मांगो सो हाजीर" जैसी स्थिति आकारित हुई! ई.स.पूर्व दूसरी-तीसरी शती में भरत मुनि ने जब नाट्यशास्त्र का प्रणयन शूरू किया होगा, उसका मूल रूप हम नहीं जानते हैं। किन्तु शताब्दीओं के बाद, जिस रूप में वह हम तक पहुँचा है वह नाट्य, नृत्य, संगीतादि कलाएं एवं काव्यशास्त्र, छन्दःशास्त्र, कामशस्त्र, व्याकरणादि का विश्वकोश जैसा स्वरूप धारण करके खडा है। यहीं पर प्रश्न खडा होता है कि-

क्या मूलतः भरत मुनि के दिमाग में ऐसी महत्त्वाकांक्षा रही होगी कि- "मैं नाट्यशास्त्र के निमित्त से कलामात्र की जानकारी एक ही ग्रन्थ में प्रस्तुत कर दूँ?"। अथवा, क्या किसी एक ही व्यक्ति के हाथ से वैविध्य पूर्ण इतनी सारी कलाओं का गहराई के साथ जमावडा प्रस्तुत करना सम्भव हो सकता है?- इस प्रश्न के उत्तर में पक्ष-विपक्ष हो सकते हैं। किन्तु, हम ऐसे रचनाकार के सामर्थ्य से जुडे विवाद में जाना नहीं चाहते हैं। तथापि वर्तमान नाट्यशास्त्र में रचनागत कुछ पहलु ऐसे प्राप्त होते हैं कि जिसके कारण यह किसी एक ही व्यक्ति की रचना (एक-कर्तृत्व) हो, अथवा वर्तमान स्वरूपवाले नाट्यशास्त्र की किसी एक ही समयबिन्दु पर साद्यन्त रचना हुई हो- ऐसी प्रतीति नहीं होती है। बल्कि इस ग्रन्थ की अनेक कर्तृकता

[5] डॉ. कपिला वात्स्यायन का ग्रन्थ Bharata: The Nātyaśāstra, Sahitya Akademi, Delhi, 1996, reprint 2005 द्रष्टव्य है। उन्होंने ना.शा. में कैसा अन्तर्गूढ विचारतन्तु साद्यन्त बुना गया है - वह स्पष्ट किया है। यह ग्रन्थ अनुपेक्ष्य है। उन्होंने बताये ना. शा. के किस अन्तःस्यूत पाठ (Implicit text) में बदलाव या समझौता नहीं होना चाहिए? यह समझने के लिए उनका ग्रन्थ मार्गदर्शक सिद्ध होगा।।

पर ही विचार स्थिर होते हैं।। भरत मुनि के नाट्य विषयक मूलग्रन्थ को अन्यान्य कलाओं का विश्वकोश बनाने की मनीषा भारतीय कलाकारों के दिमाग में जैसे जैसे अकथित रूप से क्रमशः फैलती रही होगी वैसे ही उसने विभिन्न कलाओं का प्रवेश करवाने के लिए, दशों दिशाओं की खिडकियाँ खोल दी। जिसका प्रमाण निम्नोक्त श्लोक हैः—

न तज्ज्ञानं (न तच्छुतं) न तच्छिल्पं न सा विद्या न सा कला।
नासौ योगो न तत्कर्म नाट्येऽस्मिन् यन्न दृश्यते।। 1-116 ।।

अर्थात् "कोई भी ऐसा ज्ञान नहीं है, कोई भी ऐसी विद्या नहीं है, कोई भी ऐसी कला नहीं है, कोई भी ऐसा योग नहीं है, कोई भी ऐसा कर्म नहीं है जिसको इस नाट्य (=नाट्यशास्त्र) में नहीं दिखाया जा सकता।।" नाट्यशास्त्र के आरम्भ में दिया हुआ श्लोक दूसरे स्वरूप में फिर से एक बार सन्धि-निरूपण नामके उन्नीसवें अध्याय में भी प्रस्तुत किया गया हैः- *न तज्ज्ञानं न तच्छिल्पं न सा विद्या न सा कला। न तत्कर्म न वा योगो नाट्येऽस्मिन् यन्न दृश्यते*।। 19-143।। (यह दूसरी बार प्रस्तुत हुआ श्लोक मुंबई-संस्करण के 19-117में तथा काशी-संस्करण के 21-122में भी प्राप्त होता है।) एवञ्च दूसरी बार प्रस्तुत हो रहे इस श्लोक की जानकारी अभिनवगुप्तपाद को भी है। इसका मतलब यह होगा कि बहुविध विषयों के प्रक्षेप सहित का यह "प्राचीन" पाठ 11वीं शती से पहले ही सुविदित बन चुका था। अतः हमारा प्रयास कम से कम इससे भी प्राचीनतर (प्राग्-अभिनवगुप्त कालिक) पाठ को पहेचानने का होना चाहिए।।

[3]

नाट्यशास्त्र का रचना-स्वरूप कैसा है? इस प्रश्न की चर्चा करते हुए प्रायः सभी विद्वानों ने बताया है कि इसको प्रारम्भ में (आदि)भरत या (वृद्ध)भरत ने लिखा होगा, लेकिन उनके वंशज भरतों एवं/यानी विभिन्न प्रदेश के रंगकर्मियों ने अपने अनुभवों के आधार पर उस ग्रन्थ को बार बार नवपल्लवित करने का कार्य किया होगा। अतः नाट्यशास्त्र के वर्तमान (=प्रकाशित) पाठ में विभिन्न स्तरों की रचनाएं खोजने का प्रयास करना चाहिए। नाट्यशास्त्र के वर्तमान पाठ में ही कम से कम चार स्तर खोजे जा सकते हैं:- [1] प्राचीनतम, (जो अंशः सूत्र रूप से सुरक्षित हो, एवं जो लुप्त प्रायः तथापि अनुमानगम्य हो) [2] आनुवंशिक श्लोक एवं तदितर प्राचीनतर पाठ, जिसको प्राग्-अभिनवगुप्त कालिक पाठ कहेंगे, [3] प्राचीन, (यानी 11वीं शती के अभिनवगुप्त के द्वारा व्याख्यायित पाठ्यांश = वर्तमान में जो प्रकाशित स्वरूप में उपलब्ध है) और [4] अर्वाचीन, यानी अभिनवोत्तरकाल में दाखिल किये गये पाठ्यांश।। यद्यपि अभिनवगुप्त ने 11वीं शती में जब नाट्यशास्त्र पर टीका लिखी तब उन्होंने वर्तमान में उपलब्ध हो रहे पाठ को प्रायः भरत मुनि के द्वारा ही रचित माना है, तथापि उसमें कोहलादि ने कुत्रचित् कुछ अंश जोडे हैं- ऐसे भी निर्देश उन्होंने ही किये हैं। अतः सम्भव है कि विशेष परीक्षण करने से, नाट्यशास्त्र में पूर्वोक्त चार प्रकार के स्तरों की पहचान की जा सकेगी। इस लक्ष्य को हांसिल करने के लिए निकर्श के रूप में परामृश्य कतिपय बिन्दु निम्नोक्त हैः-

[क] भरत मुनि इस शास्त्र के प्रवक्ता है और वे आत्रेयादि मुनिओं को नाट्यवेद के सम्बन्ध में बता रहे हैं- ऐसा प्रारम्भिक अध्याय में कहा गया है। परन्तु दूसरे अध्यायों में शास्त्र-प्रवक्ता एवं उनके श्रोताओं का स्वरूप बदलता रहा है- ऐसा भी हम देख रहे हैं। ना.शा. के विभिन्न स्तर खोजने का यह एक व्यापक स्थान सिद्ध हो सकता हैं।।

[ख] भरत मुनि ने नाट्योत्पत्ति का वर्णन करते हुए जिन देवताओं और ऋग्वेदादि चारों वेदों का विनियोग बताया है, उस मूलभूत (नींव स्थानीय) पुराकल्पन में जब परिवर्तन या नवीन पुराकल्पन का आश्रयण करके जो भाग प्रस्तुत होता है- वह द्वितीय स्तरीय (प्रक्षिप्त) रचना होगी।

[ग] किसी एक विषय का निरूपण हो जाने के बाद, उसमें वैकल्पिक व्यवस्था भी जोडी गई हो ऐसा देखा जाता है, जो कालान्तर में जोडी गई हो सकती है।। (उदाहरणतया- पूर्वरंग विषयक 5 अध्याय एवं आहार्य अभिनय का निरूपण करनेवाला 21वाँ अध्याय।)

[घ] किसी एक विषय का निरूपण एक ही जगह पर नहीं भी मिलता है, बल्कि एक ही विषय अनेकत्र बिखरा हुआ भी दिखाई दे रहा है। जैसे कि, नाट्यशास्त्र के अध्याय 3 एवं 5 में संगीत से जुडी बहुत सारी पारिभाषिक शब्दावली का प्रयोग हुआ है। जिनकी विशद विवृति हमें बहुत बाद में पढने को मिलती है। एवमेव, ताण्डवलक्षण नामक चतुर्थ अध्याय में जिन करण एवं अंगहार का वर्णन मिलता है, उनको ठीक से तभी समझा जा सकता है, जब हम अध्याय 8, 9 एवं 10 को पढते हैं।।

[ङ] ना. शा. में प्रायः सभी श्लोक अनुष्टुभ् छन्द में लिखे गये हैं। लेकिन बीच बीच में कुछ अध्यायों में ऐसा देखा जाता है कि आर्या छन्द, एवं अन्य छन्दों में या अनियमित स्वरूपवाले छन्द का प्रयोग करके लिखे गये श्लोक मौजुद है। तथा कुत्रचित् सूत्रशैली से विषय की उपस्थापना की है, एवं बीच बीच में गद्य खण्डों में भी विषय का निरूपण किया गया है। ये सभी स्थानों में भी अलग अलग कालखण्ड के भिन्न भिन्न कर्ताओं को देखा जा सकता है।।

[च] प्रतिपाद्य विषय को सर्वाङ्गीण बनाने के उत्साह में कुत्रचित् अनावश्यक जानकारियाँ देनेवाले पाठ्यांश का प्रवेश भी दिखता है।

[छ] मुख्य प्रतिपाद्य विषय के साथ आनुषंगिकतया जुडे विषयों का प्रक्षेप भी दिखता है।।

[ज] प्राकृत भाषा विचार एवं भाषा-विधान में रचनागत द्विविधता भी द्विस्तरीय रचना की परिचायक बनती है।

अब इन उपर्युक्त बिन्दुओं की सोदाहरण उपपत्ति भी करनी आवश्यक हैः-

[क]

नाट्यशास्त्र की ग्रथन-शैली का व्यापक अभ्यास किया जाय तो आत्रेयादि मुनिओं ने भरत मुनि को नाट्यवेद सम्बन्ध में प्रश्न पूछे, उनके सामने विविध जिज्ञासाएं रखी। जिसके प्रत्युत्तर में भरत मुनि ने उस नाट्यवेद विषयक विविध विषयों का निरूपण किया। विषय-निरूपण की यह पहली पद्धति है। जैसे कि- प्रथमाध्याय में,

> अनध्याये कदाचित्तु भरतं नाट्यकोविदम्।।
> मुनयः पर्युपास्यैनमात्रेयप्रमुखाः पुरा। पप्रच्छुस्ते महात्मानो नियतेन्द्रियबुद्धयः।।
> योऽयं भगवता सम्यग्ग्रथितो वेदसम्मितः। नाट्यवेदः कथं ब्रह्मन्नुत्पन्नः कस्य वा कृते।।
> तेषां तु वचनं श्रुत्वा मुनीनां भरतो मुनिः। प्रत्युवाच ततो वाक्यं नाट्यवेदकथां प्रति।।[6]

[6] नाट्यशास्त्रम्। (अभिनवभारती टीका के साथ), सं. रामकृष्ण कवि, पुनःसम्पादित- के. कृष्णमूर्ति, प्रकाशक- ओरिएन्टल इनस्टीट्युट, वडोदरा, 1992, (अध्याय -1, श्लोक 2 से 6, पृ. 5 से 8)

नाट्य-सम्बद्ध प्रतिपाद्य विषय का निरूपण करनेवाले इस तरह के वक्ता-श्रोता (भरत एवं ऋषि-मुनिओं) की जोडी नाट्यशास्त्र के कुछ अनुगामी अध्यायों में भी प्राप्त होती है । जैसे कि, दूसरे अध्याय में,- *भरतस्य वचः श्रुत्वा पप्रच्छुर्मुनयस्ततः। भगवन् श्रोतुमिच्छामो यजनं रङ्गसंश्रयम्* ।।1।।, पाँचवे अध्याय के प्रथम श्लोक में लिखा है कि- *भरतस्य वचः श्रुत्वा नाट्यसन्तानकारणम्। पुनरेवाब्रुवन् वाक्यमृषयो हृष्टमानसाः*।। उसी तरह से छठवे अध्याय के प्रारम्भ में भी पहले श्लोक में बताया है कि: *पूर्वरंगविधिं श्रुत्वा पुनराहुर्महत्तमाः। भरतं मुनयः सर्वे प्रश्नान् पञ्चाभिधत्स्व नः।।1।, तेषां तु वचनं श्रुत्वा मुनीनां भरतो मुनिः। प्रत्युवाच पुनर्वाक्यं रसभावविकल्पनम्* ।।4।। आठवे अध्याय के आरम्भ में भी लिखा है कि- *भावानां च रसानां च समुत्थानं यथाक्रमम्। त्वत्प्रसादाच्छ्रुत्वा सर्वमिच्छामो वेदितुं पुनः ।।1।। तेषां तद्वचनं श्रुत्वा मुनीनां भरतो मुनिः। प्रत्युवाच पुनर्वाक्यं चतुरोऽभिनयान् प्रति* ।।4।।

लेकिन तदनुगामी अध्यायों में यह पद्धति बदल जाती है। अब, नवमें अध्याय में, ऋषि-मुनिओं के प्रश्न या जिज्ञासा को बिना प्रस्तुत किये, सीधे ही भरत मुनि (या शास्त्र-प्रवक्ता) कहते हैं कि मैं अब अमुक विषय कहता हूँ जिसको आप सुनिए, जानिए। यह शास्त्र-निरूपण की दूसरी पद्धति है। जैसे कि, *एवमेतच्छिरोनेत्रभ्रू-नासोष्ठ-कपोलजम् । कर्म लक्षणसंयुक्तमुपाङ्गानां मयोदितम्*।।9-1।। *हस्तादीनां प्रवक्ष्यामि कर्म नाट्यप्रयोजकम्। यथा येनाभिनेयं च गदतो मे निबोधत।।9-2।।, तथा एताश्चार्यो मया प्रोक्ता यथावच्छस्त्रमोक्षणे। चारीसंयोग-जानीह मण्डलानि निबोधत*।।10-1।। *अतः परं प्रवक्ष्यामि लक्षणानि यथाक्रमम्*।।10-6।।

इन दोनों पद्धतिओं से सर्वथा पृथक् एक तीसरी पद्धति भी है । जिसमें एक अनिर्दिष्ट नामवाला शास्त्र-प्रवक्ता कहता है कि "बुधों को ऐसा करना चाहिए"। जैसे कि, *पादस्य पतनं तज्ज्ञैः खेदनं तद्भवेत्स्त्रियाः । सयौवनानां नारीणाम् एवं कार्या गतिर्बुधैः*।।12-186।, *स्वेदप्रमार्जनैश्चैव भूमितापैः स-वीजनैः। उष्णस्य वायोः स्पर्शेन ग्रीष्मं त्वभिनयेद् बुधः*।।25-34।।, *नाना रसार्थयुक्तैर्वृत्तनिबन्धैः कृतः सचूर्णपदैः। प्राकृतसंस्कृतपाठो वाक्याभिनयो बुधैर्ज्ञेयः*।।22-44।।

इन तीनों पद्धतिओं से पृथक् एक चौथी पद्धति में कहा गया है कि- नाट्य-प्रयोग के "प्रयोक्ताओं को ऐसा करना चाहिए"। *जैसे कि, एवमेतत्स्वरकृतं कलातालल्यान्वितम् । दशरूपविधाने तु पाठ्यं योज्यं प्रयोक्तृभिः ।।17-142, सर्वे भावाश्च दिव्यानां कार्या मानुषसंश्रयाः । तेषां चानिमिषत्वादि नैव कार्यं प्रयोक्तृभिः*।।21-159।।, *तस्माल्लोक-प्रमाणं हि विज्ञेयं नाट्ययोक्तृभिः*।।25-123।।

इन चारों पद्धतिओं से पृथक् पाँचवी पद्धति सर्वाधिक ध्यानाकर्षक है । जिसमें वक्ता का कोई नाम-निर्देश नहीं मिलता है, लेकिन "द्विज, द्विजोत्तम, द्विजश्रेष्ठ एवं द्विजसत्तमों" को संबोधित करके (यानी श्रोता के रूप में मुनिओं को नहीं, परन्तु द्विजों को उद्देश्य करके) शास्त्रीय विषय का निरूपण किया गया है। यहाँ ध्यातव्य यह भी है कि इस तरह की प्रस्तुति प्रायः किसी अध्याय के आरम्भ में नहीं मिलती है। किन्तु वह तो बहुशः अध्याय के बीच बीच में देखने को मिलती है। जैसे कि,

(क) धर्मी या द्विविधा प्रोक्ता मया पूर्वं द्विजोत्तमाः । लौकिकी नाट्यधर्मी च तयोर्वक्ष्यामि लक्षणम्।।13-70।।,
(ख) सर्वास्त्वेव हि शुद्धासु जातिषु द्विजसत्तमाः । शौरसेनीं समाश्रित्य भाषां काव्येषु योजयेत् ।।17-45।।,
(ग) एवं वेश्योपचारोऽयं तज्ज्ञैः कार्यो द्विजोत्तमाः । अत ऊर्ध्वं प्रवक्ष्यामि प्रकृतीनां तु लक्षणम् ।।23-89।।,
(घ) एतदुक्तं द्विजश्रेष्ठाः सिद्धीनां लक्षणं मया । अत ऊर्ध्वं प्रवक्ष्याम्यातोद्यानां च विकल्पनम् ।।27-104।।,
(ङ) यावन्ति चर्मनद्धानि ह्यातोद्यानि द्विजोत्तमाः । तानि त्रिपुष्कराद्यानि त्ववनद्धमिति स्मृतम् ।।34-23।।

निष्कर्षतः कहे तो- जहाँ जहाँ संबोधन के रूप में (हे) द्विज, द्विजोत्तम, द्विजश्रेष्ठ! जैसे पद आये हैं, वहाँ पर भारी प्रक्षिप्तांश होने की संभावना है। पहले इस सन्दर्भ का एक प्रबल प्रमाण दिखाना आवश्यक हैः- काकुविधान नामक अध्याय (17) के अन्तर्गत आये भाषाविधान विभाग में, समाज के विभिन्न वर्गों के अलग अलग व्यक्तियों को नाटक में किन शब्दों से सम्बोधित करना चाहिए? वह बताया जाता है। जैसे कि, देवों के भी देव स्वरूप महर्षिओं को "भगवन्" शब्द से संबोधित करवाना है। इत्यादि । इनमें से कतिपय श्लोक द्रष्टव्य हैः-

> एवं भाषाविधानं तु मया प्रोक्तं द्विजोत्तमाः । पुनर्वाक्यविधानं तु लौकिकं संनिबोधत ॥17-63॥
> उत्तमैर्मध्यमैर्नीचैर्ये संभाष्या यथा नराः । समानोत्कृष्टहीनाश्च नाटके तान्निबोधत ॥17-64
> देवानामपि ये देवा महात्मानो महर्षयः । भगवन्निति ते वाच्या यास्तेषां योषितस्तथा ॥17-65
> आर्येति ब्राह्मणं ब्रूयान्महाराजेति पार्थिवम् । उपाध्यायेति चाचार्यं वृद्धं तातेति चैव हि ॥17-67
> *नाम्ना राजेति वा वाच्या ब्राह्मणैस्तु नराधिपाः । तत्क्षाम्यं हि महीपालैर्यस्मात्पूज्या द्विजाः स्मृताः* ॥17-68

यहाँ पर गौर से देखने से मालूम होगा कि जो ब्राह्मण होते हैं वे राजा को राजा शब्द से संबोधित कर सकता है, तथा मुंबई से निकले (17-69) तथा काशी से निकले (19-6) संस्करण में तो "*छन्दतो नामभिर्वाच्या ब्राह्मणैस्तु नराधिपाः। तत्क्षाम्यं तु महीपालैर्यस्मात् पूज्या द्विजोत्तमाः*।।" ऐसा पाठभेद करके कहा गया है कि ब्राह्मण चाहे तो राजा को उनके व्यक्तिवाचक नाम से भी संबोधित कर सकता है- ऐसा ब्राह्मणों के लिए विशेषाधिकार घोषित किया गया है । यहाँ उल्लेखनीय है कि अभिनवगुप्तपाद ने "क्षाम्यम् अङ्गीकर्तव्यमिति" ऐसी व्याख्या लिख कर, इस श्लोक को मान्य किया है! यहाँ पर निरूप्यमाण विषय की धारा से हट कर ब्राह्मणों का वर्चस्व भी प्रदर्शित करने के लिए बीच बीच में ऐसे प्रक्षेप किये गये हैं।[7] ऐसे श्लोकों को हम "मूलगामी पाठ" के रूप में नहीं स्वीकार सकते हैं, और जब अभिनवगुप्तपाद ने उसको व्याख्यायित भी किया है तो उसका फलितार्थ यह होगा कि ऐसे श्लोकों का प्रक्षेप 11वी शती से पहले ही हो गया होगा।।

इसी विचारबिन्दु को समर्थित करनेवाले अन्य उदाहरण भी है :- छन्दःशास्त्रीय अध्याय 15 एवं 16 पूरे दो अध्याय परवर्ती प्रक्षेप ही लगते हैं। क्योंकि 1. नाट्यशास्त्र में छन्द एक आनुषंगिक विषय है, एवञ्च, 2. वह भी "द्विजोत्तम" की देन है। अध्याय के आदि श्लोक में कहा हैः-- *यो वागभिनयः प्रोक्तो मया पूर्वं द्विजोत्तमाः। लक्षणं तस्य वक्ष्यामि स्वरव्यंजनसम्भवम्*।। 15-1 और अन्त में कहा कि- *छन्दांस्येवं हि यानीह मयोक्तानि द्विजोत्तमाः। वृत्तानि तेषु नाट्येऽस्मिन् प्रयोज्यानि निबोधत*। (अयं पाठः समीक्षितावृत्तौ पठ्यते) अथवा, इति छन्दांसि जातानि मयोक्तानि द्विजोत्तमाः। ध्रुवान्येतेषु नाट्येऽस्मिन् प्रयोज्यानि निबोधत। (काशी-संस्करणे पठ्यते)15-119।।[8] अभिनवगुप्तपादाचार्य ने भी इस अध्याय की द्विविध पाठपरम्परा चल रही है- ऐसा लिखा है । जैसे कि, *तत्रेहाध्याये भरतमुनिकृतमिति*

---

[7] शास्त्रीय विषय का निरूपण करनेवाले ग्रन्थों में भी इस तरह की "पाठसुधारणा" करके ब्राह्मणों का वर्चस्व प्रस्थापित करने का प्रघात 11वीं शती से पहले ही, चल पडा होगा।

[8] डॉ. मनःसुख मोलिया जी (सौराष्ट्र युनिवर्सिटी, राजकोट) ने इस अध्याय का मार्मिक विश्लेषण करके, इस में द्वि-स्तरीय पाठों की पहचान करानेवाला एक महत्त्वपूर्ण शोध-पत्र इसी परिसंवाद में प्रस्तुत किया था।

त्रिकैर्मकारादिभिः कैश्चित् कंचिल्लक्षणं स्वीकृतमिति द्विविधः पुस्तकपाठो दृश्यते, मध्ये च चिन्तनाय पुस्तकेषूभयमपि पठ्यत इति। (नाट्यशास्त्रम्, भाग-2, सं. रामकृष्ण कवि एवं वी. एम. कुलकर्णी, पृ. 252, 253, वडोदरा, ई.स. 2001) इन प्रमाणों से ऐसा सूचित होता है कि जहाँ जहाँ द्विज या द्विजोत्तमों को सम्बोधित करके जिन पाठ्यांशों को प्रस्तावित किये हैं वे परवर्ती काल के प्रक्षेप हो सकते हैं ।।

अभिनवगुप्त के द्वारा स्वीकृत एवं व्याख्यायित श्लोकवाला पाठ्यांश वह 11वीं शती का पाठ है, जिसको हम "प्राचीन" पाठ कहेंगे। उनमें से "द्विज" या "द्विजोत्तम" के द्वारा प्रक्षिप्त किये गये पाठ्यांशों को हटा देगें, तो फिर जो अवशिष्ट रहा पाठ्यांश होगा, उसको हम "प्राचीनतर" पाठ कहेंगे। (तथा आगे चल कर, उन प्राचीनतर भागों में से हमें प्राचीनतम पाठ्यांश को ढूँढना होगा। एवमेव, जो पाठ्यांश अभिनवोत्तर-काल में प्रविष्ट हुए हो, उन "अर्वाचीन" भागों को भी पहचानने की कोशिश करनी होगी ।।)

[ख]

नाट्यशास्त्र के आरम्भिक अध्याय में नाट्योत्पत्ति का वर्णन करनेवाले पुराकल्पन (Mythology) में ब्रह्मा, महेश्वर एवं इन्द्र नामके तीन देवताओं का निर्देश मिलता है। *प्रणम्य शिरसा देवौ पितामहमहेश्वरौ। नाट्यशास्त्रं प्रवक्ष्यामि ब्रह्मणा यदुदाहृतम्।।1-1।।, महेन्द्रप्रमुखैर्देवैरुक्तः किल पितामहः। क्रीडनीयकमिच्छामो दृश्यं श्रव्यं च यद्भवेत्*।।1-11।। यहाँ ध्यानास्पद है कि ब्रह्मा (जिसके लिए द्रुहिण शब्द का प्रयोग भी किया गया है), महेश्वर (शंकर) एवं इन्द्र का प्राधान्य है। लेकिन पुराणों में सुप्रसिद्ध हुई ब्रह्मा-विष्णु-महेश की त्रिपुटी का पुराकल्पन उल्लिखित नहीं है, एवं पुराणों में जैसा इन्द्र का महिमा अस्तंगत दिखाई देता है वैसा नाट्यशास्त्र में नहीं है। बल्कि इन्द्र ने तो अपने जर्जर नामक प्रहरण से सभी विघ्न एवं दानवों का विनाश कर दिया है। नाट्यशास्त्र में विष्णु का प्रवेश बहुत बाद में होता है। जब इन्द्रध्वजमह का प्रसंग होता है, तब ब्रह्मा, वरुण, सूर्य, वायु, विष्णु, सरस्वती, यक्ष-गन्धर्व-कुबेरादि अनेक देवताएं कुछ कुछ चीजें भरतपुत्रों को भेंट करते हैं। इन अनेक गौण देवताओं की हारमाला में विष्णु का स्थान आता है। (द्रष्टव्य 1-60,61 श्लोक).। यह पुराकल्पन (मिथकीय अंश) नाट्यशास्त्र के इस भाग की प्राचीनतमता का परिचायक है।।

लेकिन, वृत्ति-विकल्प नाम के बीसवे अध्याय में, विष्णु का महिमा प्रथमबार प्रकट होता है। यह अजीब लगता है। यहाँ पर भगवान् मधुसूदन मधु-कैटभ नामके दो असुरों के साथ युद्ध करते हैं। इस उन दोनों का विनाश करते हैं। जैसे कि,

एकार्णवं जगत् कृत्वा भगवानच्युतो यदा । शेते स्म नागपर्यङ्के लोकान् संक्षिप्य मायया ।।
अथ वीर्यबलो-न्मत्तावसुरौ मधुकैटभौ । तर्जयामासतुर्देवं तरसा युद्धकाङ्क्षया ।। .....
तयोर्नानाप्रकाराणि वचांसि वदतोस्तदा । श्रुत्वा त्वभिहतमना द्रुहिणो वाक्यमब्रबीत् ।।
किमिदं भारतीवृत्तिर्वाभिरेव प्रवर्तते । उत्तरोत्तरसंबद्धा नन्विमौ निधनं नय ।।
पितामहवचः श्रुत्वा प्रोवाच मधुसूदनः ।।20-2 से 7।।

इसी प्रसंग में, आगे चल कर ब्रह्मा के लिए पद्मयोनि और विष्णु के लिए नारायण शब्दों का भी प्रयोग किया गया हैः- यदा हतौ तावसुरौ हरिणा मधुकैटभौ। *ततोऽब्रवीत् पद्मयोनिर्नारायणमरिन्दमम्*।।20-16।। नाट्यशास्त्र में सामान्यतः ब्रह्मा के लिए सर्वत्र द्रुहिण शब्द का प्रयोग है, लेकिन यहाँ पर "पद्मयोनि"

शब्द रखा गया है। तथा विष्णु के लिए "नारायण" (समुद्र में शेषनाग पर लेटे हुए अच्युत, *आपो नारा उच्यन्ते। तासु अयनं गमनं, शयनं यस्य सो नारायणः।*) शब्द प्रयुक्त किया है। इस तरह का पुराण-कालिक देवताशास्त्र का प्रयोग देख कर, लगता है कि यहाँ (देवीभागवत एवं मार्कण्डेय) पुराण की कथा से प्रेरणा प्राप्त करके, किसी अज्ञात विद्वान् ने भारती, सात्त्वती, कैशिकी एवं आरभटी इन चार वृत्तियों की उत्पत्ति की नयी कहानी घड डाली है। जैसे कि,

(क) *कार्यहेतोर्मया ब्रह्मन् भारतीयं विनिर्मिता।।8,*
वदतां वाक्यभूयिष्ठा भारतीयं भविष्यति । तस्मादेतौ निहन्म्यद्येत्युवाच वचनं हरिः ।।9।।,

(ख) *वल्गितैः शार्ङ्ग-धनुषस्तीव्रैर्दीप्ततरैरथ । सात्त्वाधिकैरसंभ्रान्तैः सात्त्वती तत्र निर्मिता* ।।12,

(ग) *विचित्रैरङ्गहारैस्तु देवो लीला-समन्वितैः। बबन्ध यच्छिखापाशं कैशिकी तत्र निर्मिता* ।।13।।

इस तरह की चार वृत्तियों निर्मिति बताने के बाद, प्रथमाध्याय की मूल शैली (जग्राह पाठ्यमृग्वेदात्0 1-17) का आश्रयण करते हुए, यह भी कहा गया है कि-

नाट्यवेदसमुत्पन्ना वागङ्गाभिनयात्मिका। मया काव्यक्रियाहेतोः प्रक्षिप्ता द्रुहिणाज्ञया ।।24,
ऋग्वेदाद् भारती क्षिप्ता, यजुर्वेदाच्च सात्त्वती। कैशिकी सामवेदाच्च शेषा चाथर्वणादपि ।।25।।

अतः यह 20वे अध्याय में मधु-कैटभ असुरों से युद्ध करने के निमित्त से चार वृत्तियों की उत्पत्ति-कथावाला भाग उत्तरवर्ती काल का प्रक्षिप्त पाठ्यांश होगा- ऐसा सिद्ध होता है। इसमें दूसरा प्रमाण यह भी है कि प्रथमाध्याय (श्लो. 44-46) में नीलकण्ठ शंकर के नृत्य में कैशिकी वृत्ति का सब से पहला प्रकटीकरण हुआ था ऐसा कहा गया था! इस तरह से पुरे नाट्यशास्त्र में, अन्यत्र भी मिथकीय पुराकल्पन में जहाँ जहाँ पर बदलाव, नावीन्य या पूर्वापर विसंगतियाँ मिलती हैं, पुनरुक्तियाँ मिलती है, वहाँ पर प्राचीनतम एवं प्राचीनतर, या अर्वाचीन भाग पृथक्कृत किये जा सकते हैं।। इति दिक् ।।

[ग]

किसी एक विषय का निरूपण हो जाने के बाद, उसमें वैकल्पिक व्यवस्था भी जोडी गई है, या कथित व्यवस्था (नियमावली) में शिथिलता भी प्रस्तावित की जाती है, तब उसको कालान्तर में जोडी गई होगी ऐसी आशंका पैदा होती है। इस सन्दर्भ में यदि कोई प्रमाण भी मिल जाते हैं तो, हम उस वैकल्पिक व्यवस्था प्रस्तुत करनेवाले श्लोकों को परवर्ती काल के प्रक्षेप घोषित कर सकते हैं। इस तरह के पाठ्यांश में जो व्यवस्था पहले प्रस्तावित की हो वह प्राचीनतर होगी, तथा जो वैकल्पिक व्यवस्था निर्दिष्ट करनेवाले श्लोक होंगे, वे उत्तरवर्तीकाल के मानना चाहिए। इस सन्दर्भ में दो उदाहरण द्रष्टव्य है :- अ. 5 और अ. 21। (क) नाट्यशास्त्र के पाँचवे अध्याय में वर्णित पूर्वरंग विधि का निम्नोक्त बिन्दुओं से परीक्षण करना चाहिए:--

(1) अभिनवभारती टीका सहित के नाट्यशास्त्र के समीक्षित पाठ में इस अध्याय में 174 श्लोक मान्य किये गये हैं। तथा उसके अन्त भाग में इस ( ) तरह के कोष्टक के अन्तर्गत 39 अधिक श्लोक, जो "म." नामक किसी एक पाण्डुलिपि में उपलब्ध हो रहे हैं उनको भी प्रकाशित किये गये हैं। निर्णय सागर, मुंबई के संस्करण में इस अध्याय में 161 श्लोकों का समावेश किया गया है। तथा

काशी के संस्करण में 215 श्लोकों का समावेश किया गया है। तथा नेवारी पाठवाले संस्करण में कुल 171 श्लोक दिये हैं। निष्कर्षतः सभी संस्करणों में एक समान श्लोक-संख्या नहीं है।।

(2) यद्यपि इस अध्याय का आरम्भ करते हुए कहा गया है कि भरत के अमुक वाक्यों को सुनने के बाद ऋषिओं ने पूर्वरंग विधि के बारे में जिज्ञासा व्यक्त की है, और उसके सन्दर्भ में यह विधि कही जा रही है। निम्नोक्त श्लोक देखने से यह स्पष्ट होगा:--

भरतस्य वचः श्रुत्वा नाट्यसन्तान-कारणम्। पुनरेवाब्रुवन् वाक्यमृषयो हृष्टमानसाः ।।5-1।।
यथा नाट्यस्य जन्मेदं जर्जरस्य च सम्भवः। विघ्नानां शमनं चैव देवतानां च पूजनम् ।।5-2।।
तदस्माभिः श्रुतं सर्वं गृहीत्वा चावधारितम्। निखिलेन यथातत्त्वमिच्छामो वेदितुं पुनः ।।5-3।।
पूर्वरंगं महातेजः सर्वलक्षणसंयुतम्। यथा बुद्ध्यामहे ब्रह्मंस्तथा व्याख्यातुमर्हसि ।।5-4।।

तथापि यह अध्याय शंका के दायरे में आ कर खडा रहा है । इसके दो कारण हैः—1. इन श्लोकों की मौलिकता (या प्राचीनतमता) भी संदिग्ध है। क्योंकि, श्रोतृभूत ऋषियों ने वक्तृभूत भरत मुनि को "महातेजस् ब्रह्मन्" शब्द से संबोधित किये हैं। भरत मुनि के लिए प्रयुक्त यह संबोधन असमीचीन लगता है, क्योंकि ऐसा संबोधन शायद अन्यत्र नहीं दिया गया है । एवं 2. समीक्षित पाठ के आरम्भिक (*तस्मादयं पूर्वरंगो विज्ञेयो द्विजसत्तमाः* ।।7) श्लोक में और अध्याय के अन्त भाग में (*एवमेष प्रयोक्तव्यः पूर्वरंगो द्विजोत्तमाः* । 148) भी द्विजोत्तमों को संबोधित किये गये हैं। इसी तरह से श्लोक-क्रमांक 16, 54,137,148, 174 में भी द्विज, विप्रादि शब्दों के प्रयोग भी मिलते हैं। [तथा मुंबई के पाठ में श्लोक-क्रमांक 7,16, 42, 55, 106 एवं139 में द्विजों का निर्देश हैं। काशी के पाठ में श्लोक-त्रमांक 7, 56, 141, 158 एवं 215 में द्विजों का निर्देश हैं । नेवारी पाठ में श्लोक-क्रमांक 7, 16, 40, 53, 112, 125, 146, एवं 166 में द्विजों का निर्देश हैं।] अतः संबुद्धि पदों के रूप में रखे गये ये द्विजोत्तमों के सारे निर्देश पूरे अध्याय की भरतकर्तृता पर या एक-कर्तृता पर प्रश्नचिह्न लगा रहे हैं।।

(3) इस 5वें अध्याय में पूर्वरंग के साथ जुडी अन्तर्जवनिका में करने योग्य नव विधियाँ तथा बहिर्जवनिका में करणीय दश विधियाँ निरूपित की गई हैं । किन्तु नाट्यशास्त्र में पूर्वरंग-विधि का यह (19 विधियोंवाला) स्वरूप शूरु से लेकर अन्त तक, एक समान रहा हो ऐसा तो इसी नाट्यशास्त्र में (एवं प्रशिष्ट नाटकों की प्रयोगावस्था के अवसर पर) कहीं दिखता नहीं है। जैसे कि, नाट्योत्पत्ति का निरूपण करते समय प्रथमाध्याय में कहा है कि इन्द्र के विजयमहोत्सव में जो ध्वजमह नामका नाट्यप्रयोग किया गया था, उसमें तो भरतमुनि ने (केवल) "आशीर्वचन-संयुक्ता नान्दी" ही पूर्व में की थी। वहाँ पर किसी दूसरे विधि का निर्देश नहीं है।[9] तत्पश्चात् चतुर्थाध्याय के आरम्भ में कहा है कि भरत मुनि ने देवताओं के लिए "अमृतमंथन" नाम के

[9] *प्रहृष्टामरसंकीर्णे महेन्द्रविजयोत्सवे। पूर्वं कृता मया नान्दी ह्याशीर्वचनसंयुक्ता*।। (अ. 1-56), इस श्लोक की विवृति में अभिनवगुप्त ने लिखा है कि यहाँ जो नान्दी नामक मुख्य मंगल का उल्लेख है वह सकल पूर्वरंग के अंगों का उपलक्षण है- ऐसा किसी का मत है (मतलब कि पहले प्रयोग में भी पूर्वरंग के सभी अंगो का अनुष्ठान किया गया था)। तो कोई दूसरे आचार्य कहते हैं कि पूर्वरंग के अंगो के मध्य में नान्दी होती है, अतः (अन्य सभी अंगों को छोड कर) अकेली नान्दी भी प्रयुक्त की जा सकती है। और हमारे उपाध्याय (=अभिनवगुप्त के गुरु भट्टतोत) का मत है कि जब तक दैत्यों ने नाट्यप्रयोग के दौरान विघ्न उत्पन्न नहीं किया था, तब तक पूर्वरंग की विधि पहले करने का अवकाश ही कहाँ है?। (यानी शूरु में तो 19 अंगोंवाली पूर्वरंगविधि नहीं की जाती थी।)

समवकार का, और भगवान् शंकर के लिए "त्रिपुरदाह" नामक डिम का प्रयोग किया तब भी केवल नान्दी का ही प्रयोग किया था। (अर्थात् वहाँ पर भी पूर्वरंग की 19 विधियाँ नहीं की गई थी।) यह अभिप्राय भट्टतोत एवं अभिनवगुप्त का है॥ इस सन्दर्भ में हम यह भी जोडना चाहेंगे कि इन समवकार और डिम के प्रयोगों की पुराकथा (मिथकीय बात) भी कालान्तर में जोडी गई होगी। क्योंकि चतुर्थाध्याय में भरत मुनि ने इन दो रूपकों का प्रयोग किये गये थे- उनकी कहानी किसी ऋषिमुनिओं को नहीं कही गई है । वह तो द्विजसत्तमों को सुनाई गई है! (अर्थात् चतुर्थाध्याय का वक्तृ-श्रोतृ स्वरूप भी, इस पूर्वरंग के प्रयोग किये गये होने की बात को शंकास्पद बना रहा है।) द्रष्टव्य है वह श्लोकः- *पूर्वरंगः कृतः पूर्वं तत्रायं द्विजसत्तमाः। तथा त्रिपुरदाहश्च डिमसंज्ञः प्रयोजितः॥* (अ. 4-10)

(4) पाँचवे अध्याय में पूर्वरंग के पूर्वार्ध में करने योग्य नव विधियाँ, जिनको "अन्तर्जवनिका"[10] में की जाती है, उनका नामोल्लेख श्लोक 9 से 11 में किया गया है । तथा उत्तरार्ध में करने योग्य अन्य दश विधियाँ, जिनको "बहिर्जवनिका"[11] में की जाती है, उनको श्लोक 12 से 15 में गिनाई गई हैं। जिनकी व्याख्या आगे चल कर की जाती है । किन्तु अध्याय के अन्त में पूर्वरङ्ग विधि करने की जो फलश्रुति भी कही गई है वह नाट्यशास्त्र की वर्णनशैली के साथ सामञ्जस्य नहीं रखती है । जैसे कि, निम्नोक्त दो श्लोकों में कहा गया है-

य इमं पूर्वरङ्गं तु विधिनैव प्रयोजयेत् । नाशुभं प्राप्नुयात्किंचित्स्वर्गलोकं च गच्छति॥5-170॥
यश्चापि विधिमुत्सृज्य यथेष्टं संप्रयोजयेत् । प्राप्नोत्यपचयं घोरं तिर्यग्योनिं च गच्छति॥5-171॥

अर्थात् "इस पूर्वरंग को जो विधिपूर्वक करता है तो उसका कभी अशुभ नहीं होता है, तथा वह स्वर्गलोक में जाता है। लेकिन जो (सूत्रधार) इस विधि का परिपालन नहीं करता है और अपनी इच्छा के अनुसार (नाट्य का प्रयोग) करता है, तो वह घोर अवनति को प्राप्त करता है, तथा तिर्यग् योनि में जा गिरता है"॥

इन श्लोकों से पूर्वरंग विधिवत् करने का फल एवं नहीं करने का दण्ड जाहिर करने के बावजुद, इसी अध्याय में अन्यत्र ऐसा भी कहा गया है कि पूर्वरंग विधि में विस्तार नहीं करना चाहिए। क्योंकि इसका विस्तार करने से नाट्य-प्रयोक्ता (नट) को और प्रेक्षकों को भी खेद पैदा होता है। जिसके परिणाम स्वरूप, खिन्न प्रेक्षकों को रसभाव में स्पष्टता नहीं होती है। अन्ततो गत्वा, ऐसे (विस्तृत) पूर्वरंग के बाद अवशिष्ट रहा (=अनुगामी) नाट्यप्रयोग प्रेक्षकों के मन में प्रीति पैदा नहीं कर सकता है॥ इन श्लोकों को पढना आवश्यक हैः-

कार्यो नातिप्रसंगोऽत्र नृत्तगीतविधिं प्रति । गीते वाद्ये च नृत्ते च प्रवृत्तेऽतिप्रसंगतः ॥5-158॥
खेदो भवेत्प्रयोक्तृणां प्रेक्षकाणां तथैव च । खिन्नानां रसभावेषु स्पष्टता नोपजायते॥5-159॥
ततः शेषप्रयोगस्तु न रागजनको भवेत्॥

यहाँ, सीधा प्रश्न होता है कि जिन विधियाँ अवश्य करनी ही चाहिए, और जिनके करने या नहीं करने के लिए इतने शुभ-अशुभ का भी विधान किया है वे विधियाँ अतिविस्तृत हो तो भी उनको

[10] अर्थात् ये विधियाँ नेपथ्य में की जाती हैं।
[11] अर्थात् रंगभूमि पर, प्रेक्षकों के सामने की जाती हैं ।

को इतिकर्तव्यतया करना ही होगा। उसमें "अतिप्रसंग" (यानी अतिविस्तार) से बचने का कहना वदतोव्याघात ही होगा। (किसी भी प्राचीन कृति के पाठ में जब भी पूर्वापर विरुद्ध कथन मिलता है, तो वहाँ पर उन पाठ्यांशों में पौर्वापर्य एवं द्विकर्तृता इङ्गित होती ही है।)

पूर्वरंग विधि के करने से पैदा होनेवाला शुभ या स्वर्गप्राप्ति को भूल जाये, और न करने से मिलनेवाली घोर अवनति को भी भूल जाय, तो वह भी मंजूर है। लेकिन "अतिप्रसंग" से प्रेक्षक खिन्न होते हैं और अन्ततोगत्वा वह विस्तार रसबोध में बाधक परिस्थिति का निर्माण कर सकता है- ऐसा जो अनुभवमूलक "दर्शन" प्राप्त हुआ है वह भी सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण है। उसी में सच्चाई है। अतः फलश्रुति के पूर्वोक्त श्लोक (5-170, 171) उत्तरवर्ती काल में किसी अज्ञात द्विजोत्तम ने जोडे होंगे ऐसा साफ दिखता है। और अनुभवमूलक जो दर्शन (5-158, 159) अवगत हुआ है वह भी उन श्लोकों का तदुत्तरवर्तित्व सूचित करते हैं। इस तरह से, पूर्वरंग-विधि से जुडे विचारों में क्रमिक तीन बार के परिवर्तन या सुधार नाट्यशास्त्र की विभिन्न स्तरीय रचना एवं अनेक-कर्तृत्व के सुस्पष्ट ज्ञापक बन रहे हैं।।

(5) पाँचवें अध्याय में "पूर्वरंग विधि" के नाम से 19 विधियाँ गिनाई गई हैं। लेकिन पूरे नाट्यशास्त्र में अलग अलग स्थान पर बिखरे इसके सन्दर्भों से मालूम होता है कि उसका स्वरूप एक समान नहीं रहा है, उसमें मिथकीय स्वरूप से आरम्भ करके, वास्तविक विधियों का, तथा अन्त में उसका तिरोहित होने का क्रमशः विकास देखा जा सकता है। जैसे कि, 1. प्रथमाध्याय में भरत मुनि ने नाट्योत्पत्ति का वर्णन करते हुए कहा है कि उन्होंने इन्द्र के लिए ध्वजमह नामका सब से पहला नाट्यप्रयोग किया था। जिसमें उन्होंने केवल आशीर्वचनसंयुक्ता नान्दी ही की थी। (वहाँ पर अन्तर्जवनिका एवं बहिर्जवनिका में करने योग्य 19 प्रकार की विधियाँ नहीं की थी।) और उस प्रथम नाट्यप्रयोग में ही असुरों ने विघ्नों की उत्पत्ति की थी तथा सूत्रधार को भी मूर्च्छित करके सब नष्ट दिया था। 2. तत्पश्चात् पितामह (ब्रह्मा) ने सभी देवों को बुला कर (श्लोक 120 से लेकर 127 पर्यन्त) नाट्यमण्डप में यजन एवं पूजा करने का कहा है। (वहाँ पर भी अन्तर्जवनिका या बहिर्जवनिका में करणीय विधियों का निर्देश ही नहीं है।) 3. तथा वहाँ पर, यज्ञ एवं पूजा करने से नाट्यप्रयोग में विघ्न पैदा नहीं होगा- ऐसा कोई प्रासंगिक फलकथन नहीं कहा है। परन्तु रंग की पूजा किये बिना जो भी प्रेक्षा (नाट्यप्रयोग) का आयोजन करेगा, उसका ज्ञान निष्फल होगा, वह तिर्यग्-योनि में जायेगा, उसका अपचय होगा- ऐसा नूकसान बताया गया है। तथा जो ऐसी पूजा करवायेगा वह शुभ अर्थों को प्राप्त करेगा और स्वर्गलोक में जायेगा। यानी ब्रह्मा जी ने नाट्यप्रयोग से पहले जो यजन एवं पूजा सिखाई है उनका सम्बन्ध नाट्यप्रयोग की सफलता के साथ नहीं कहा है। 4. तथा यहाँ उसका नाम "रंगदैवतपूजन" एवं "रंगपूजा" ऐसा दिया गया है, "पूर्वरंगविधि" ऐसा नाम नहीं दिया है।[12] मतलब कि "पूर्वरंगविधि" ऐसा नामकरण पश्चाद्वर्ती काल का है। 5. अभिनवगुप्त ने "*एवं मर्त्यान् प्रत्यभिधाय प्रकृतमेव पुराकल्पम् अनुसन्धत्ते*" (ना. शा., भाग-1, पृ.46) शब्दों से इसको पुराकल्पन (मिथक) कहा है। 6. एवञ्च, इस यजनविधि या पूजाविधि के स्वरूप के साथ पञ्चमाध्याय में वर्णित पूर्वरंग विधि की तुलना की जाय तो मालूम

[12] यहाँ यजन-क्रिया से वैदिक परम्परा का प्रतिबिम्ब हो रहा है, तो पूजन-क्रिया से दक्षिणभारतीय पंचरात्र आगम परम्परा का भी निर्देश देखा जा सकता है। इस दृष्टि से नाट्यशास्त्र में दोनों परम्पराओं का संगम मिलता है।

होगा कि इन दोनों का स्वरूप भिन्न है। 7. चतुर्थाध्याय में कहा है कि भरत ने ब्रह्मा जी के लिए अमृतमन्थन नाम का समवकार एवं शंकर जी के लिए त्रिपुरदाह नाम के डिम रूपक का प्रयोग किया था। वहाँ पर पहली बार "पूर्वरंग" ऐसे समस्त पद का प्रयोग मिलता है:- *पूर्वरंगः कृतः पूर्वं तत्रायं द्विजसत्तमाः। तथा त्रिपुरदाहश्च डिमसंज्ञः प्रयोजितः*॥ (4-10), किन्तु उसका स्वरूप कैसा था? वह नहीं बताया है। इस समग्र चर्चा का सारांश यह है कि जिस पूर्वरंग विधि का निरूपण पाँचवे अध्याय में मिलता है वह आदिकाल से शूरु करके अन्त तक, अद्यावधि एक समानरूप से चला आ रहा है- ऐसा नहीं है। तथा प्रथमाध्याय-चतुर्थाध्याय में कथित यजन-पूजन समेत के "रंगदैवतपूजन" एवं "रंगपूजा" से सर्वथा भिन्न "पूर्वरंग" का निरूपण पञ्चमाध्याय में है। अतः यह पूरा सम्भव है कि "पूर्वरंग" विषय को प्रस्तुत करनेवाला पूरा पाँचवा अध्याय बाद में जोडा गया हो॥

(6) पाँचवें अध्याय में वर्णित पूर्वरंग की 19 विधियाँ[13] का पहले परिचय प्राप्त करेंगे। बाद में उसके निरूपण की समीक्षा करेंगे :- नटमण्डली के द्वारा नाट्यप्रयोग शूरु करने से पहले की जानेवाली विधि को पूर्वरंग कहते है। जिनका दो भागों में बटवारा किया गया है। (क) अन्तर्जवनिका में (वस्त्रपटल के पीछे, जो प्रेक्षकों के लिए अदृश्य रहेगा) करने योग्य विधियाँ नव हैं। 1. प्रत्याहारः- इसमें कुतप-विन्यास, वाद्य सामग्री की योजना बताई है। 2. अवतरणः- इसमें स्त्री-गायिकाओं का प्रवेश। 3. आरम्भः- कण्ठ्य-गान का पूर्वाभ्यास, स्वरों का आलाप। 4. आश्रावणाः- कतिपय स्वरों का वीणा के साथ संवाद बिठाना। 5. वक्रपाणिः- मृदंग एवं उसका पूर्व-परीक्षण। 6. परिघटनाः- वीणा के तारों की मिलावट, परीक्षा। 7. संघोटनाः- अवनद्ध यानी नगाडे का पूर्वप्रयोग। 8. मार्गापसारितः- पूर्व तैयारियाँ के रूप में नगाडा और वैणविक वाजीन्त्रों को एक साथ में बजाना। 9. आसारितः- पूर्णतया संगीत की रचना। इन सब को बाद में बहिर्गीत कहे गये हैं। (ख) बहिर्जवनिका में (यानी वस्त्रपटल को हटा कर प्रेक्षकों के सम्मुख) करने योग्य विधियाँ कुल दश हैं। जैसे कि, 10. गीतकम् :- मद्रकादि गीत की रचना। 11. उत्थापनाः- नान्दिपाठक रंगपीठ पर प्रयोग को उपस्थापित करते हैं। 12. परिवर्तनः- चारों दिशाओं में घुम कर लोकपालों को वन्दन करना। 13. नान्दीः- देव, द्विज एवं नृपादि को उद्देश्य करके, आशीर्वचन से युक्त नान्दी-गान। भरत मुनि ने एक नान्दीपाठ का निदर्श दिया भी है। जो इन शब्दों में है:- "*नमोऽस्तु सर्वदेवेभ्यो द्विजातिभ्यः शुभं तथा। जितं सोमेन वै राज्ञा शिवं गोब्राह्मणाय च। ब्रह्मोत्तरं तथैवास्तु, हता ब्रह्मद्विषस्तथा। प्रशास्त्विमां महाराजः पृथिवीं च ससागराम् ॥ राष्ट्रं प्रवर्धतां चैव रङ्गस्याशा समृद्ध्यतु। प्रेक्षाकर्तुर्महान्धर्मो भवतु ब्रह्मभाषितः। काव्यकर्तुर्यशश्चास्तु धर्मश्चापि प्रवर्धताम्। इज्यया चानया नित्यं प्रीयन्तां देवता इति* ॥5-105 से 108॥" इसके बाद यह भी कहा गया है कि इस नान्दीपाठ के दौरान, सूत्रधार के साथ में रंग पर आये विदूषक एवं पारिपार्श्वक "एवम् आर्य" ऐसा बार बार बोलते रहें॥ 14. शुक्षावकृष्टाः- जिसमें जर्जर की स्तुति का श्लोकगान होता है। 15. रंगद्वारः- जिसमें विष्णु की स्तुति, अथवा नाट्यप्रवर्तक प्रेक्षापति के जो आराध्य देवता हो उसकी स्तुति की जाती है। 16. चारीः आर्या छन्द में श्लोकगान, जिसमें

[13] अभिनवगुप्त ने लिखा है कि- लक्षिष्यमाणानि प्रत्याहारादीन्यासारितान्तानि नव अन्तर्जवनिकं प्रयोज्यानि। ततोऽनन्तरं गीतकादीनि प्ररोचनान्तानि दश जवनिकाया बहिः प्रयोज्यानीत्यर्थः। (ना.शा. भा.-1, पृ. 208)

शंकर के प्रति उमा का स्नेह व्यक्त किया जाता है, अतः वह शृङ्गार रस को सूचित करता है। 17. महाचारीः- सूत्रधार अकेला ही क्रोध प्रदर्शित करता हुआ रंगपीठ पर घुमता है और चतुरस्र ध्रुवा का गान होता है। 18. त्रिगतः- इसमें विदूषक, सूत्रधार तथा पारिपार्श्वक तीनों मिल कर जल्पन (असम्बद्ध वार्तालाप) करते हैं। जिससे नाट्यवस्तु का सूचन हो जाता है। 19. प्ररोचनाः- काव्य का विषय कहना, जिसको देखने से प्रीति और व्युत्पत्ति होगी- ऐसा कह कर सामाजिकों के मन में नाट्यप्रयोग के लिए रुचि पैदा करना। इसके बाद, तीनों रंगपीठ से बाहर निकल जाते है।। ये सारी 19 विधियाँ "पूर्वरंग" कहा जाता है।।

यह विस्तृत पूर्वरंग-विधि हो जाने के बाद, भास-कालिदासादि नाट्यकारों के द्वारा लिखे गये नाटकों का प्रयोग शूरु होता है। अतः एव पुराण-काल के कवि लोग सब से पहला वाक्य "*नान्द्यन्ते ततः प्रविशति सूत्रधारः*" ऐसा लिखते थे। इस वाक्य में आया हुआ "नान्दी" शब्द पूरे पूर्वरंग का उपलक्षण समझना है- ऐसा अभिनवगुप्तपाद ने कहा है।[14] यानी भरतमुन के द्वारा दिये गये उपर्युक्त नान्दीश्लोक सहित का, अथवा नटमण्डलियों ने बनाये नान्दी-श्लोक सहित का सकल पूर्वरंग हो जाने के बाद (ही), भासादि कविओं ने लिखे नाटकों का मंचन शूरु होता था । इन कविओं ने लिखे पहले श्लोक में भी किसी देवताविशेष को प्रणाम निवेदित करने की परिपाटी रही है, लेकिन वह कवि ने लिखा मंगल-श्लोक कहा जायेगा, नान्दी नहीं । नाट्यशास्त्र की मूल विभावना में "*नान्द्यन्ते सूत्रधारः*" का मतलब तो सकल पूर्वरंग हो जाने के बाद, सूत्रधार प्रवेश करता है- ऐसा ही किया जा सकता है ।। किन्तु कालान्तर में, इन कवियों ने स्वहस्त से लिखे नाटकों की पाण्डुलिपि की जब लिपिकारों (लहियाओं) के द्वारा प्रतिलिपियाँ बनाने का मौका आया तब, उन्होंने कवियों के द्वारा सब से पहले लिखे गये "नान्द्यन्ते प्रविशति सूत्रधारः" वाक्य को, कवियों के लिखे मंगल-श्लोक के नीचे लिखना शूरू किया होगा। जिसके कारण ऐसी भ्रान्ति फैली हुई है कि जो कवियों का मंगल-श्लोक है वही नान्दी-पद्य है।। हकीकत ऐसी हुई है कि नाट्यशास्त्रोक्त पूर्वरंग-विधि (जिसमें 19 अंग है) अतिविस्तृत होने के कारण, परवर्ती काल की नटमण्डलियों ने उस पूर्वरंगविधि करने का प्रघात (रिवाज) छोड दिया था। तथा कवियों के द्वारा अपने सामाजिकों के लिए लिखे मंगलश्लोक को ही "नान्दी-पद्य" घोषित कर दिया है।[15] और उसको ही नाट्यशास्त्रोक्त पूरी पूर्वरंगविधि का प्रतिनिधित्व करनेवाला विधि माना गया।। इसी सन्दर्भ में विद्वानों ने इस प्रश्न पर भी विचार किया है कि- ई.स. 1912 में श्री टी. गणपति द्वारा प्रकाशित भास-रचित माने गयें "त्रिवेन्द्रम् रूपकों" में सूत्रधार के मुख से जो सब से पहला वाक्य "अलम् अतिविस्तरेण" निकलता है, उसका कारण क्या हो सकता है?। तो इस पर ऐसा अनुमान किया गया है कि- यह "अलमतिविस्तरेण" वाक्य भी इसी बात का गवाह है कि अब नाट्यशास्त्रोक्त विस्तृत पूर्वरंग विधि करना प्रायः बन्ध किया गया था।। एवमेव, पूर्वरंग-विधि की पुरानी परम्परा छुटने लगी, तब उस पूर्वरंग-विधि के अन्तर्गत जो अवकृष्टा, उत्थापिनी, अड्डिता आदि नाम वाली ध्रुवाओं का गान होता था, उनको नये स्वरूपों में

---

[14] नान्दीपाठका इति। तदुपलक्षितपूर्वरंगद्वारेणैव पुराणकवयो लिखन्ति स्म "नान्द्यन्ते सूत्रधारः" इति। एषा च नित्यमेवंरूपैव। (ना.शा., वडोदरा संस्करणम्, भाग-1, पृ. 215)

[15] इसके लिए दूसरा प्रमाण भी मिलता है। विश्वनाथ ने लिखा है कि- अत एव प्राक्तनपुस्तकेषु (मातृकासु) "नान्द्यन्ते सूत्रधार" इत्यनन्तरमेव वेदान्तेषु यमाहुरेकपुरुषमिति इत्यादि श्लोक-लिखनं दृश्यते।। साहित्यदर्पणः, षष्ठपरिच्छेदः, कारिका- 25, पृ. 371, सं. सत्यव्रत सिंह, चौखम्बा प्रकाशन, वाराणसी, 1957

अवतारित करनेवाली नवीन ध्रुवाओं का (जैसी कि 32वे अध्याय में वर्णित प्रावेशिकी, नैष्क्रमिकी, आक्षेपिकी, प्रासादिकी इत्यादि ध्रुवाएं) प्रयोग दाखिल किया गया। मतलब कि, नाट्यशास्त्र के प्रारम्भ में आया रंगदैवतपूजन वह प्रथम स्तरीय पाठ्यांश है, उसके बाद पाँचवे अध्याय का पूर्वरंग-विधि वह द्वितीय स्तर की योजना है, और वह भी जब प्रयोग में से क्रमशः विलुप्त होता चला तो, तीसरे स्तर पर 32वाँ ध्रुवाध्याय का प्रवेश हुआ होगा।। ध्रुवाओं के क्रमिक विकास, (जिसमें नटमण्डली की ध्रुवाएं से भिन्न कवि-प्रणीत ध्रुवाओं का प्रकट निर्देश है) एवं विलुप्ति की परम्परा का अहेसास नाट्यदर्पण जैसे ग्रन्थ देखने से तुरंत समझ में आता है। जो अन्ततो गत्वा, नाट्यशास्त्र में इस विषय के त्रिविध स्तरों का अनुमान करने में सहायक भी होता है।। इति दिक्।।

जहाँ पर वैकल्पिक व्यवस्था का निरूपण किया गया हो- वह स्थान भी उत्तरवर्ती काल में जोडा गया हो सकता है, वह (अनुभवमूलक) द्वितीय स्तर की रचना हो सकती है, उसका दूसरा उदाहरण अब द्रष्टव्य है। ना.शा. के 21वे अध्याय में आहार्याभिनय का निरूपण किया है। इसमें पुरुषों के आभूषण बताने के बाद नायिकाओं के वक्षोविभूषण, कण्ठविभूषण, अंगुलीविभूषण, मेखलाविभूषण, श्रोणीविभूषण, नूपुर आदि का श्लोक 12 से 45 में विस्तार से वर्णन किया है। लेकिन बाद में, कुछ श्लोक ऐसे भी दिये हैं जिनमें कहा गया है कि- "*न तु नाट्यप्रयोगे तु कर्तव्यं भूषणं गुरु। खेदं जनयते तद्धि सव्यायतविचेष्टनात्। गुरुभावावसन्नस्य स्वेदो मूर्च्छा च जायते।। गुर्वा-भरणसन्नो हि चेष्टां न कुरुते पुनः।* (46 से 48)" नटी को ज्यादा आभूषण नहीं धारण करना चाहिए। अन्यथा वे नट को परिश्रान्त करते हैं, खेद उत्पन्न करते हैं। अतः नट सम्यक्तया चेष्टा नहीं कर सकते हैं।। इस तरह से ना.शा. में जहाँ जहाँ पर पूर्व-निर्दिष्ट नियमों में विकल्प दिखाया है या शैथिल्य को मान्य किया गया हो वे सारे पाठ्यांश व्यापक अनुभव के बाद दाखिल किये गये अंश होते हैं। अतः उनको द्वितीय स्तर की रचना मानना सयुक्तिक है।।

[घ]

नाट्यशास्त्र के प्रतिपाद्य विषयों के निरूपण में जहाँ पुनरुक्तियाँ (Repetition) प्राप्त होती हैं वहां पर भी भिन्न कर्तृत्व की आशंका पैदा होती है और वहाँ पर कुछ पाठ्यांश प्राचीनतम होगा, तो दूसरा पाठ्यांश प्राचीनतर होगा- ऐसा अनुमान किया जा सकता है । उदाहरणतया "प्रवेशक" एवं "विष्कम्भक" की चर्चा समीक्ष्य है। दशरूपक-विधान नामक अष्टादश अध्याय में कहा है कि- *विभजेत् सर्वमशेषं पृथक्पृथक्कार्यमङ्केषु ।।25, दिवसावसानकार्यं यद्यङ्के नोपपद्यते सर्वम् । अङ्कच्छेदं कृत्वा प्रवेशकैस्तद्विधातव्यम् ।।26, सन्निहितनायकोऽङ्कः कर्तव्यो नाटके प्रकरणे वा। परिजनकथानुबन्धः प्रवेशको नाम विज्ञेयः ।।28, प्रकरणनाटकविषये पञ्चाद्या दशपरा भवन्त्यङ्काः। अङ्कान्तरसन्धिषु च प्रवेशकास्तेषु तावन्तः* ।।29।। यहाँ पर, भरत मुनि ने तो नाटक एवं प्रकरण प्रकार के रूपक के लिए, केवल प्रवेशक का ही प्रावधान किया है। किन्तु उन्नीसवे अध्याय में इसी विषय की पुनरुक्ति की गई है। जैसे कि, *विष्कम्भश्चूलिका चैव तथा चैव प्रवेशकः। अङ्कावतारोऽङ्कमुखम् अर्थोपक्षेप-पञ्चकम्।। 110, मध्यम-पुरुष-नियोज्यो नाटकमुखसन्धिमात्रसंचारः। विष्कम्भकस्तु कार्यः पुरोहितामात्य-कञ्चुकिभिः।।111, शुद्धः संकीर्णो वा द्विविधो विष्कम्भकस्तु विज्ञेयः। मध्यमपात्रैः शुद्धः संकीर्णो नीचमध्यकृतः*।।112।। यहाँ पर पञ्चविध अर्थोपक्षेपकों का निरूपण है, जो नाटक एवं प्रकरण इन दोनों

के लिए भी उपलब्ध करवाये गये हैं। इससे 18वे अध्याय में कही व्यवस्था के साथ विरोध भी खडा होता है। अतः इस विषय की पाठालोचना होनी चाहिए:-

1. उन्नीसवाँ अध्याय है उसका नाम तो सन्धि-सन्ध्यङ्ग-निरूपण है। उसमें अर्थोपक्षेपक की चर्चा विषयान्तर ही कही जायेगी। क्योंकि किसी भी अर्थोपक्षेपक में सन्धि या सन्ध्यङ्ग किसी ने दिखाया नहीं है! इस अध्याय में यह विषय नितान्त अप्रस्तुत ही है।
2. दूसरा विचारणीय बिन्दु है कि उन्नीसवे अध्याय में जिन श्लोकों की प्रस्तुति की गई है वे केवल अनुष्टुप् छन्द में नहीं है। वहाँ तो कुत्रचित् आर्या छन्द भी प्रयुक्त हुआ है। और पूर्वोक्त पाँच अर्थोपक्षेपक दिखलानेवाले श्लोक का छन्द वही आर्या है। यानी रचनागत द्वैविध्य भी यहाँ खटकता है, जो उनकी प्रक्षिप्तता सूचित कर रहा है।
3. तीसरा अन्तिम प्रमाण बन रहे हैं अभिनवगुप्तपाद के शब्द। उन्होंने, अठारवें अध्याय में नाटक एवं प्रकरण के लिए जहाँ (केवल) प्रवेशक की चर्चा रखी है उस श्लोक की टीका में लिखा है कि- *अदृष्टमप्यर्थं हृदि प्रवेशयन्तीति प्रवेशकाः। चूलिकाङ्कावताराङ्कमुखप्रवेशकविष्कम्भका इहाभिप्रेताः। तथा च कोहलोऽ-र्थोपक्षेपकमुक्तवान्* ॥ (पृ.421) इन शब्दों से स्पष्ट होता है कि भरत मुनि ने तो किसी अङ्क का कथाप्रवाह दिनावसान होने पर भी अपूर्ण रहता है तो, वहाँ अङ्कच्छेद करके (केवल) प्रवेशक का प्रावधान बताते है। परन्तु कालान्तर में कोहल ने प्रवेशक जैसे अन्य चार अर्थोपक्षेपकों का विधान किया है। (भरत मुनि ने तो "अर्थोपक्षेपक" जैसा शब्द भी नहीं प्रयुक्त किया है।)

इस समीक्षा का निष्कर्ष यही है कि अठारहवे अध्याय का पाठ्यांश ही प्राचीनतम है, मौलिक है। लेकिन उन्नीसवे अध्याय का पञ्च अर्थोपक्षेपकों का पाठ्यांश उत्तरवर्ती काल का सिद्ध होता है॥

[ङ]

नाट्यशास्त्र के चौदहवें अध्याय का नाम छन्दोविधान है। वडोदरा संस्करण के संपादकों ने पादटिप्पणी में लिखा है कि इस अध्याय का पाठ सभी मातृकाओं में एक समान नहीं है। कहीं पर यह पाठ भिन्न क्रम से मिलता है, तो कहीं लुप्त भी हुआ दिखता है। कतिपय मातृकाओं में इसका पूर्वार्ध अष्टादश अध्याय के मध्य में भी मिल रहा है। किन्तु उन्होंने (वडोदरा संस्करण में) तो अभिनवगुप्त के व्याख्यानानुसारी पाठ का ग्रहण किया है। इसका फलितार्थ यह होगा कि इस अध्याय के पाठ की सही आलोचना अभी तक नहीं हुई है। (वडोदरा के संस्करण में जो प्रस्तुत हुआ है वह तो अभिनवगुप्त का माना हुआ पाठ है, यानी वह 11वी शती का प्रचलित पाठ है। उनके समय से पुरोवर्ती समय का पाठ क्या रहा होगा? उस पर विचार करना बहुत आवश्यक है॥

इस अध्याय के पहले ही श्लोक में, यह अध्याय "द्विजोत्तमों" को सुनाया जा रहा है। तथा 133 क्रमांक के अन्तिम श्लोक में भी वे "द्विजोत्तमों" श्रोता के रूप में उपस्थित हो जाते है! इस लिए, पूर्वोक्त तर्क के अनुसार जो पाठ वक्ता भरत एवं श्रोता के रूप में ऋषिओं के बीच में हुए संवाद के रूप में नहीं है, वे पाठ (पूरा अध्याय या उस अध्याय के अमुक अंश) प्राचीनतम पाठ की कोटि में नहीं आ सकता है। (अथवा वह पूर्ण रूप से प्रक्षिप्त भी हो सकता है।) इसी के अनुसन्धान में, अब दूसरे बिन्दु

पर विचार किया जाय तो, अध्याय के आरम्भ में तो कहा गया है कि- यो वागभिनयः पूर्वं मया प्रोक्तो द्विजोत्तमाः। लक्षणं तस्य वक्ष्यामि स्वरव्यंजनसंभवम् ॥14-1॥ यानी इस अध्याय का मुख्य विषय वाचिकाभिनय से जुडा होगा। लेकिन इस भाग को लिखनेवाले (भरतेतर) व्यक्ति के मन में चल रही अपनी मुराद इस श्लोक के अन्तिम "स्वर-व्यंजनसंभवम्" शब्द में रख दी है। यद्यपि नाट्य में जो भी वाचिकाभिनय होगा वह उच्चरित भाषा के रूप में ही होगा और भाषा के प्रत्येक अवयव में स्वर एवं व्यंजन तो अविनाभाव से रहे ही होंगे। अतः किसी अज्ञातनामा व्याकरणज्ञ व्यक्ति ने तीन से लेकर सैंतीस (37) श्लोकों में किस को स्वर एवं व्यंजन कहते हैं, उन सब के उच्चारण-स्थान कौन कौन से है? इत्यादि का निरूपण किया है। वहाँ पर, यद्यपि अभिनवगुप्त ने विवृति लिखी है, तथापि यह पाठ्यांश कथमपि मूलगामी या प्राचीनतम नहीं होगा उसके भी प्रमाण मौजुद है। इस बिन्दु को समझने के लिए, पहले उन श्लोकों का निम्नोक्त पाठ देखना आवश्यक है:- *अन्तःस्थाः संवृतजा ङञणनमा नासिकोद्भवा ज्ञेयाः। ऊष्माणश्च शषसहा यवरलवर्णास्तथैव चान्तःस्थाः ॥18॥ कचटतपाः स्वरिताः स्युः, खछठथफाः स्युस्तथा कण्ठ्याः। कण्ठोरस्यान् विद्यात् गजडदबान् पाठ्यसंप्रयोगे तु*॥ 19-20॥ यहाँ पर व्यंजनों का जो परिचित क्रम है:- कु-चु-टु-तु-टु-पु। उनको उपस्थित किये हैं। किन्तु उनमें पाणिनीय व्करण के माहेश्वर सूत्रों में दिये गये क्रम का परित्याग किया है। क्योंकि माहेश्वर सूत्रों में तो वे ञमङणनम्।, चटतव्। कपय्। एवं खफछठथ0। इस क्रम से दिये हैं। यानी भरत के समय में तो पाणिनि का क्रम ही प्रचलित रहा होगा, जिसका त्याग करके वर्तमान नाट्यशास्त्र में जो क्रम मिलता है, वह आधुनिक काल में जो प्रचलित क्रम है- वह दिया गया है। एवमेव, इनमें से कादि वर्गों के चतुर्थ वर्णों (झभ-घढध) का समावेश नहीं किया है। पाठान्तर में, यद्यपि "घझढधभान्" दिया है, लेकिन उसको मूल में स्थापित करेंगे तो, तृतीय क्रमांक के वर्णों का अभाव हो जायेगा। यानी इन श्लोकों का पाठ भ्रष्टता से ग्रस्त है, जो परवर्ती काल का प्रक्षेप ही हो सकता है। तथा वाचिकाभिनय के साथ इन स्वर-व्यंजनों एवं उनके उच्चारण-स्थानादि का निरूपण करना अतिदूराकृष्ट विषय लगता है॥

इस तरह से, वर्णोच्चारण-शिक्षा के बाद, प्रातिपदिक, आख्यात, वचन, प्रत्यय, निपात, विभक्ति, पुरुष, उपसर्ग, सन्धि, तद्धितादि की व्याकरण की पारिभाषिक शब्दावली की व्याख्याएं (निरुक्तियाँ) श्लोक 25 से 37 में दी गई हैं। तत्पश्चात्, इस अध्याय का जो तीसरा निरूप्यमाण विषय है, वह छन्दो विषयक है। जिसके लिए श्लोक 42 से शूरू करके, अन्तिम 133 तक का व्याप मिलता है। और इस तीसरे विषय के आधार पर, पूरे अध्याय का नाम छन्दोविधान दिया गया है! तथा इस उत्तरार्ध में दिये गये जो विविध छन्दः है वे सभी गायत्री, जगती, शक्वरी, त्रिष्टुप्, उष्णिग् इत्यादि वैदिक छन्दः है। (प्रशिष्ट संस्कृत नाट्यकृतियों में ऐसे वैदिक छन्दों का प्रयोग कभी हुआ नहीं है।) अतः प्रश्न होता है कि उपर्युक्त तीनों विषयों का नाट्य के वाचिकाभिनय के साथ कैसे सीधा सम्बन्ध हो सकता है?। इस अध्याय के द्वितीय क्रमांक पर खडे श्लोक में कहा गया है कि- *वाचि यत्नस्तु कर्तव्यो नाट्यस्यैषा तनुः स्मृता। अङ्गनैपथ्यसत्त्वानि वाक्यार्थं व्यञ्जयन्ति हि* ॥14-2॥ नाट्यप्रयोग में वाचिकाभिन का बहुत बडा महत्त्व है, वाचिकाभिनय तो नाटक की तनु यानी शरीर स्वरूप है। (तर्कशास्त्र में कहा है कि- भोगायतनं शरीरम्।) इस श्लोक का महत्त्व बताते हुए अभिनवगुप्त ने लिखा है कि- *वाचि यत्नस्तु कर्तव्य इति कविना निर्माणकाले, नटेन प्रयोगकाले। कुत इत्याह (नाट्यस्यैषेति) एषा हि तनुर्नाट्यस्य सकलप्रयोगभित्तिभूतत्वेन आतोद्यगीताभिनया-नुग्राहकत्वात् स्वयमभिनयरूपत्वाच्च* । (पृ. 220)

अर्थात् वाचिक सकल प्रयोग की भित्ति है। क्योंकि यह वाचिक आतोद्य (संगीत) और गीत (गान) पर अनुग्रह करनेवाला है और स्वयं भी वह अभिनेय है।। [यहाँ पर, "नाट्यप्रयोग की तनु रूप में निर्दिष्ट वाचिक" की व्याख्या भी अभिनव-गुप्तपाद से पृथक् रूप से करणीय हैः- मेरे मत से किसी भित्ति के सहारे बहुत सारी चीजें टांगी जाती हैं, वैसे ही वाचिकाभिनय के सहारे ही आंगिक, आहार्य एवं सात्त्विकाभिनय टीकते हैं । अतः कवि और नट को उस वाचिकाभिनय के लिए विशेष यत्न करना चाहिए।] - इतनी गम्भीर सूचना देनेवाले श्लोक के बाद, पूरे अध्याय में तो उपर्युक्त वर्णोच्चारण-शिक्षा, व्याकरण की शास्त्रीय शब्दावली एवं छन्दः (वे भी वैदिक छन्दों) का निरूपण बीलकुल अप्रासंगिक ही लगता है।।

पुनरुक्ति के साथ कहे तो यह अध्याय भी केवल अज्ञात "द्विजोत्तमों" की देन है। इन विषयों को नाट्यशास्त्र के बाहर का विषय घोषित करके, मूल नाट्यशास्त्र के समीक्षित पाठ में से उसको हटाने का कार्य करना ही चाहिए। विद्वानों ने ऐसा किया होता तो भरत मुनि को ठीक तरह से आत्मसात् करने में थोडी ज्यादा साहाय्य मिल जाती, (वर्तमान में जो नाट्यशास्त्र की षट्-साहस्री मिलती है उसमें तो अनेक पाठ्यांश व्यवधानभूत है।) लेकिन ऐसा कुछ हुआ नहीं है। प्रोफे. जी. के. भट (पूणें) जैसे विद्वान् ने दूसरा ही मार्ग अपना लिया, उन्होंने "भरतनाट्यमञ्जरी" के नाम से दो वोल्युम में नाट्यशास्त्र के चयनित श्लोक एवं उनका विवेचन हमें भेट कर दिया।[16] तथा आचार्य श्रीरेवाप्रसाद द्विवेदी जी ने "अभिनव नाट्यशास्त्र" के नाम से उनकी दृष्टि का "सम्पादन" प्रस्तुत किया।। अस्तु।।

[च]

प्रतिपाद्य विषय को सर्वाङ्गीण बनाने के उत्साह में कुत्रचित् किसी किसी विषय का लम्बा सूचिकरण भी किया गया है ऐसा भी दिखता है। सामान्याभिनय नाम के बाईसवें अध्याय में कहा है कि पुरुषों का सत्त्व अष्टविध रूप में प्रादुर्भूत होता है, जैसे कि, शोभा, विलासादि। तत्पश्चात् इनको कैसे शरीराभिनय के द्वारा प्रदर्शित किया जाता है? उसकी चर्चा की गई है। उसके बाद, भरत मुनि ने स्त्रियों के विविध स्वरूप कहे हैं, जिनके सत्त्व का प्रकटीकरण देवताओं, राक्षसों, हस्ती-गर्दभ-वानरादि प्राणियों के साथ सादृश्य रखता है वह बताया है। लेकिन उसके साथ में, उद्दाम काम की शक्ति भी कही है। मनुष्य अपने भौतिक उत्कर्ष के लिए धर्म की इच्छा करता है, वह मोक्ष की भी अभिलाषा रखता है। किन्तु सामान्यतया देखा जाय तो कामसुख ही बलवत्तर सिद्ध होता है। और इस तरह के सुख का मूल स्त्रियाँ होती हैं, जो अनन्त शीलवाली होती है- "*भूयिष्ठमेव लोकोऽयं सुखमिच्छति सर्वदा । सुखस्य हि स्त्रियो मूलं, नानाशीलाश्च ताः पुनः* ।।(22-99)" ऐसा कह कर, तरह तरह की स्त्रियाँ की एक लम्बी सूचि श्लोक 100 से 145 में रखी गई है। (इसमें देवशीला, आसुरशीला, गन्धर्वशीला, राक्षसशीला, नागसत्त्वा, शाकुनसत्त्वा, पिशाचसत्त्वा, यक्षशीला, व्यालशीला, मानुषसत्त्वा, वानरसत्त्वा, हस्तिसत्त्वा, मृगसत्त्वा, उष्ट्रसत्त्वा, मकरसत्त्वा, खरसत्त्वा, सौकरसत्त्वा, हयसत्त्वा, माहिषसत्त्वा, अजसत्त्वा, श्वशीला, गोसत्त्वा इत्यादि का परिगणन है। इसको पढ कर प्रश्न होता है कि एक मनुष्यसत्त्वा को छोड कर, अन्यान्य शीलवाली स्त्रियाँ सुखदायिनी कैसे हो सकती है? यानी, पूर्वोक्त सन्दर्भ के साथ उसकी संगति भी कैसे बैठ सकेगी?।) यद्यपि

[16] जिसका प्रकाशन भाण्डारकर ओरिएन्टल रिसर्च इन्स्टीट्युट, पूणें से 1965 से हुआ है ।

नाट्यकृतियों में स्वाधीनभर्तृका, वासकसज्जा, पोषितभर्तृका, अभिसारिका-आदि अष्टविध नायिकाओं का निरूपण परम आवश्यक है, एवं काम की दश अवस्थाओं का अभिनय कैसे किया जाय- इत्यादि उपकारक विषय है। लेकिन उष्ट्रशीला-आदि स्त्रियों की अतिविस्तृत जानकारियाँ जो दी गई है, वह सारी श्लोकावली अनावश्यक एवं अनुपकारक लगती है। नाट्यशास्त्र को विश्वकोश बनाने की मुराद से किया गया वह प्रक्षेप ही है। (अनुगामी धनिकादि नाट्यशास्त्रियों ने भी इस ज्ञान का अनुवर्तन नहीं किया है, मतलब कि ऐसी जानकारियाँ नाट्यशास्त्र का विषय बनने योग्य नहीं थी- इस बात का वे पुष्टिकरण करते हैं।) अभिनवगुप्तपाद ने इन 45 श्लोकों पर 45 शब्दपरिमित व्याख्या भी नहीं लिखी है! यह भी इस पाठ्यांश की अनावश्यकता प्रमाणित करने के लिए ध्यानास्पद है। सारांशतः, ऐसे सूचिकरण वाले पाठ्यांश अन्यत्र भी बिखरे हुए हैं, जो निश्चित रूप से द्वितीय या तृतीय स्तर की रचना माननी चाहिए।।

(छ)

ना.शा. में मुख्य प्रतिपाद्य विषय का निरूपण हो जाने के बाद कुत्रचित् आनुषंगिक (सलाह) सूचनाएं भी जोडी गई हैं, जिनका नाट्यप्रयोग के साथ सीधा सम्बन्ध नहीं होता है। ऐसे अध्यायों में द्विस्तरीय रचनाओं (पाठ्यांशों) को पहचानना अतीव आवश्यक है। क्योंकि इस तरह की पाठालोचना से ही हम अभिनवगुप्त के द्वारा स्वीकृत पाठ से भी अधिक प्राचीनतर पाठ को पृथक्कृत कर सकेंगे।

इस विचार को उदाहरणमुख से कहने के लिए "चारी-विधान" नामक (अभिनवगुप्त के अनुसार इसका नाम "चारीव्यायामलक्षणम्" है) दशवे अध्याय का विश्लेषण करना होगा:- इसमें नाट्य, नृत्त एवं नृत्य के सन्दर्भ में नट या नटी के पाद, जङ्घा, ऊरु एवं कटी की चेष्टा कैसी कैसी की जानी चाहिए उसका विस्तार से निरूपण है। उदाहरणतया- नाट्यप्रयोग में यदि युद्ध प्रसंग आता है तो, वहाँ किसी पर शस्त्र फेंकने के लिए नट की "चारी" (यानी पादप्रचार) कैसी होनी चाहिए? इसकी शिक्षा यहाँ दी गई है। ऐसी चारियाँ बहुविध होती हैं। जैसे कि, समपादा, स्थितावर्ता, शकटास्या, नूपुरपादिका, भुजङ्गत्रासिता, भ्रमरी, एडकाक्रीडिता, अड्डिता, अतिक्रान्ता, पार्श्वक्रान्ता, आक्षिप्ता, विद्युद्भ्रान्ता, अलाता, हरिणप्लुता, दण्डपादा इत्यादि । इस चर्चा का उपसंहार करनेवाले श्लोक ऐसे हैं :-- "*यतः पादस्ततो हस्तो, यतो हस्तस्ततस्त्रिकम्। पादस्य निर्गमं कृत्वा तथोपा-ङ्गानि योजयेत् ।। पादचार्यां यथा पादो धरणीमेव गच्छति । एवं हस्तश्चरित्वा तु कटीदेशं समाश्रयेत् ।। एताश्चार्यो मया प्रोक्ता ललिताङ्ग-क्रियात्मिकाः। स्थानान्यासां प्रवक्ष्यामि सर्वशस्त्रविमोक्षणे*।।" (10-48 से 50) लेकिन इसी अध्याय के अन्त में किसी भी नट एवं नटी को व्यायाम (अङ्ग-कवायत) करने की, खान-पान की, नस्य एवं बस्ति आदि यौगिक क्रियाएं भी करने की सलाह दी जाती है! तथा बहुत खा कर, पी कर भी व्यायाम (कवायत) नहीं करनी चाहिए- जैसी सलाह भी जोडी गई है ! जैसे कि, तैलाभ्यक्तेन गात्रेण यवागूमुदितेन च। व्यायामं कारयेद्धीमान्... से शूरु करके अतिपीते तथा भुक्तं व्यायामं नैव कारयेत्0 ।। (श्लोक 97 से 102) इसको पढ कर तुरंत मालूम होता है कि चारी-विधान करनेवाले इस अध्याय में ये सारी सलाह (उपदेशवचन) अभिनवगुप्त के समय से भी पहेले ही प्रक्षिप्त का गई होंगी, क्योंकि उन्होंने इन श्लोकों पर भी टीका लिखी है। आश्चर्य तो तब होता है कि अभिनवगुप्त ने इस अध्याय का नाम "चारीव्यायामलक्षणम्" देकर, उस पर टीका में ऐसी चर्चा की है कि यहाँ समास में एवं व्यायाम शब्द के अर्थ में संदेह है। फिर कहते है कि- *चारी एव व्यायाम इति कर्मधारयः* । यानी उनके मत से इस अध्याय में जहाँ व्यायाम शब्द प्रयुक्त हुआ है

वह "चारी" अर्थ में ही है। अर्थात् इस अध्याय के अन्त में जहाँ कसरत, कवायत ऐसे रूढ (अर्थसंकोच हुए) शब्द का प्रयोग है, वे श्लोक मूलगामी नहीं हो सकते थे। अतः उनको इन श्लोकों को प्रक्षिप्त घोषित करके हटा देना चाहिता था । किन्तु दुर्भाग्यवशात् उन्होंने ऐसा नहीं किया है।[17] यद्यपि उन्होंने टीका के आरम्भ में ही "उपादेयस्य संपाठः, तदन्यस्य प्रतीकनम्" की प्रतिज्ञा उच्चारी है, लेकिन नाट्यशास्त्र के पाठ पर टीका लिखते समय वे "सतृणाभ्यवहारी" बने हैं ऐसा अनिच्छन्नपि कहेना पडता है । क्योंकि पूर्वोक्त चर्चा कह रही है कि उन्होंने अनुपादेय पाठ का प्रत्याख्यान या संशोधनादि कहीं पर नहीं किया है ।।

[ज]

नाट्यशास्त्र के 17वे अध्याय में 1. संस्कृत शब्दों का प्राकृत में हुए परिवर्तनों के कतिपय उदाहरणों की प्रस्तुति, 2. प्राकृत-व्याकरण ध्वनि-परिवर्तनों के नियम, 3. नाट्यकृति में आनेवाली पात्रसृष्टि के लिए प्रयुक्त होनेवाले रूढ शब्दों का परिचय (जिसको काशी-संस्करण में भाषा-विधान नामके 19वे अध्याय में अलग रखे गये हैं) एवं 4. काकु-स्वर का निरूपण जैसे चार विषय मिलते हैं । यहाँ पहली विसंगति यही है कि (समीक्षित आवृत्ति के) 17वे अध्याय का नाम तो हैः-"काकुस्वरव्यंजन" । किन्तु उसमें काकु से पृथक् तीन विषयों का निरूपण पहले है, और अन्त में काकु की चर्चा का प्रारम्भ किया गया है, (जिन पर, उसी क्रम से अभिनवगुप्त टीका भी लिख रहे हैं!) ।

दूसरा बिन्दुः- प्राकृत भाषा के उपर्युक्त दो विषयों में रचनागत द्विविधता ध्यानाकर्षक है। जैसे कि, (1) श्लोक 10 से 22 पर्यन्त "भवति" क्रियापद का प्रयोग किया है,[18] और श्लोक 57 से 62 में "प्रयोजयेत्" क्रियापद का उपयोग किया है।[19] तो इसका मतलब यह है कि पहले भाग में "वर्णनात्मक-व्याकरण" (Descriptive grammar) लिखा गया है, तथा बाद वाले भाग में "निर्देशात्मक-व्याकरण" (Prescriptive grammar) लिखा गया है। इस तरह की रचनागत द्विविधता ही सूचित करती है कि निर्देशात्मक व्याकरण प्राचीनतर होगा, और उसकी अपेक्षा से जो वर्णनात्मक व्याकरण के श्लोक हैं वे प्राचीन होंगे, उत्तरवर्ती काल के होंगे। क्योंकि वे सरलीकरण के आशय से जोडे गये होंगे। इस तरह से हमें, इन द्विस्तरीय रचनाओं को पृथक् करनी चाहिए।

तीसरा बिन्दु : जिसमें नाट्यकृति में आनेवाली पात्रसृष्टि के लिए प्रयुक्त होनेवाले रूढ शब्दों का परिचय दिया गया है। इस के लिए श्लोक 63 से लेकर 100 श्लोक तक नाट्यकृति में आनेवाली पात्रसृष्टि

---

[17] चारीव्यायामलक्षणमित्युक्तम्। तत्र समासे सन्देहः व्यायामशब्दार्थे च, चरेर्हि (इञ्) करणे भावे वा औणादिक इति। ....चार्य एव व्यायाम इति कर्मधारय इत्यर्थः। अन्वर्थस्तु व्यायच्छन्ते इति परस्परतया आपततन्ति । (पृ. 93, ना.शा. भाग-2)

[18] किलशब्दान्त्यो रेफो भवति, तथा खु त्ति खलुशब्दः। ड इति च भवति टकारो, भट-कटक-कुटी-तटाद्येषु। सत्त्वं च भवति शषयोः सर्वत्र यथा विसं संका ।।11।।.....सर्वत्र च प्रयोगे भवति नकारोऽपि च णकारः । आपानं आवाणं भवति पकारेण वत्वयुक्तेन ।।14, परुषं फरुसं विद्यात् पकारवर्णोऽपि फत्वमुपयाति । यस्तु मृतः सोऽपि मओ, यश्च मृगः सोऽपि हि तथैव ।।15।।

[19] गङ्गासागरमध्ये तु ये देशाः संप्रकीर्तिताः। एकारबहुलां भाषां तेषु तज्ज्ञः प्रयोजयेत् ।। विन्ध्यसागरमध्ये तु ये देशाः श्रुतिमागताः। नकारबहुलां तेषु भाषां तज्ज्ञः प्रयोजयेत्।.... हिमवत्सिन्धुसौवीरान्ये जनाः समुपाश्रिताः। उकारबहुलां तज्ज्ञस्तेषु भाषां प्रयोजयेत्। चर्मण्वतीनदीतीरे ये चार्बुदसमाश्रयाः। ओकारबहुलां नित्यं तेषु भाषां प्रयोजयेत् ।।61।।

के विविध अभिधान दिये गये हैं। जैसे कि, ब्राह्मण को आर्य, राजा को महाराज, सूत के द्वारा रथी को आयुष्मन्, युवराज को स्वामी और कुमार को भर्तृदारक, विदूषक के द्वारा रानी और चेटी को भवती, राजा के द्वारा विदूषक को उसके नाम से या वयस्य पद से संबोधित करना चाहिए- इत्यादि। उतनी सारी सूचनाएं कवि के लिए दी गई है।।

चतुर्थ बिन्दु : तत्पश्चात् अध्याय के उत्तरार्ध में, संगीत के षड्जादि सात स्वरादि से शूरु करके, द्विविध काकु, षड् अलंकारादि गद्य-पद्य मिश्रित भाषा में निरूपित की है वाचिकाभिनय करनेवाले नट के लिए।।

उपर्युक्त चारों बिन्दुओं का परामर्श करने से स्पष्ट होता है कि इस अध्याय की रचना अनेक-कर्तृक एवं बहुस्तरीय ही है।।

[4]

उपसंहार :--

1. वडोदरा से प्रकाशित नाट्यशास्त्र, जिसमें अभिनवभारती टीका का भी पाठ दिया है, उसको नाट्यशास्त्र की समीक्षित आवृत्ति के रूप में हम स्वीकार नहीं सकते हैं। वह तो अभिनवगुप्त की टीका का समीक्षित पाठ-सम्पादन है।।
2. केवल नाट्यशास्त्र की समीक्षितावृत्ति बनाने का भगीरथ-कार्य अभी तक किसी ने शूरु ही नहीं किया है।।
3. नाट्यशास्त्र का वर्तमान (उपलब्ध) स्वरूप अनेक पाठभेद एवं प्रक्षेप की समस्याओं से ग्रस्त यह सभी विद्वान् जानते हैं। अतः किसी विद्वान् के मन में नाट्यशास्त्र की सर्वसमावेशी (Composite text) आवृत्ति[20] तैयार करने का विचार आये, अथवा जो सरलता से बुद्धिगम्य (Comprehensive text) हो ऐसी आवृत्ति[21] बनाने का विचार भी प्रादुर्भूत हो जाय। (जैसा कि, प्रोफे. गोविन्द केशव भट एवं पण्डितप्रवर श्रीरेवाप्रसाद द्विवेदी जी के प्रयासों में देखा जा सकता है।) लेकिन ऐसे उपक्रम नाट्यशास्त्र की समीक्षित आवृत्ति के सही विकल्प नहीं हैं।।
4. किसी भी विद्वान् ने नाट्यशास्त्र के उपलब्ध चार संस्करणों : 1. वडोदरा संस्करण, 2. निर्णय सागर प्रेस, मुंबई का संस्करण, 3. काशी संस्करण एवं 4. नेवारी संस्करण का व्यापक तुलनात्मक अध्ययन पेश नहीं किया है। अतः इन चार संस्करणों का पहले तुलनात्मक अध्ययन करना चाहिए। तथा वाचना-निर्धारण करना चाहिए। जिस के लिए पहले उपलब्ध पाठान्तरों का, प्रक्षेप एवं संक्षेप, गद्य-पद्य के आर्ष-अनार्ष स्वरूप का अध्ययन होना चाहिए।
5. इस अनेक-कर्तृक ग्रन्थ में विभिन्न स्तरों के पाठ्यांशों की पहेचान करके, उनका पौर्वापर्य निश्चित करना होगा। जिससे इस ग्रन्थ के प्राचीन से प्राचीनतर, एवं प्राचीनतर से प्राचीनतम पाठ का युक्तिपुरस्सर का निर्णय किया जायेगा। परिणामतः हम भरत मुनि की मूल रचना, (जो वर्तमान कलेवर से छोटा भी निकल सकता है) के नजदीक पहुँच पायेंगे।। इति दिक् ।।

---888---

[20] Composite text = conceptual whole made up of complicated & related parts, (Consisting of separate interconnected parts).

[21] Comprehensive text = capable of being comprehended or understood, or intelligible text.

।। परिशिष्ट – 1 ।।

निर्णय सागर प्रेस, मुंबई संस्करण, 1894				काशी संस्करण, 1980		
अध्याय	शीर्षक	श्लोक	-------	अध्याय	शीर्षक	श्लोक
1	नाट्योत्पत्ति	94		1	नाट्योत्पत्ति	126
2	मण्डपविधान	93		2	प्रेक्षागृहलक्षणम्	105
3	रंगदैवत-पूजनम्	93		3	रङ्गदैवतपूजनम्	104
4	ताण्डवलक्षणम्	302		4	ताण्डवलक्षणम्	321
5	पूर्वरंग विधानम्	161		5	पूर्वरङ्गविधिः	215
6	रसाध्याय	83		6	रसविकल्पः	83
7	भावव्यंजनम्	113		7	भावव्यंजनम्	124
8	उपाङ्गाभिनय	161		8	उपाङ्गविधानम्	172
9	अङ्गाभिनय	247		9	हस्ताभिनयः	207
10	चारी विधानम्	99		10	शरीराभिनयः	55
11	मण्डल-कल्पनम्	58		11	चारी-विधानम्	100
12	गति-प्रचार	192		12	मण्डलविधानम्	57
13	करयुक्तिधर्मीव्यंजकम्	64		13	गतिप्रचारः	226
14	वाचिकाभिनय	11		14	प्रवृत्तिधर्मव्यंजनम्	83
15	छन्दोवृत्तविधि	167		15	वाचिकाभिनये छन्दः	119
16	अलंकारलक्षणम्	118		16	वृत्तानि सोदाहरणानि	169
17	काकुस्वरविधानम्	133		17	वागभिनयः	123
18	दशरूपकलक्षणम्	184		18	भाषाविधानम्	49
19	सन्धिनिरूपणम्	128		19	काकुस्वरव्यंजनम्	78
20	वृत्ति-विकल्प	65		20	दशरूपविधानम्	154
21	आहार्याभिनय	191		21	सन्ध्यङ्गविकल्पः	133
22	सामान्याभिनय	316		22	वृत्तिविकल्पः	69
23	वैशिक	76		23	आहार्याभिनयः	215
24	स्त्रीपुंसोपचार	119		24	सामान्याभिनयः	320
25	चित्राभिनय	131		25	बाह्योपचारः	79
26	प्रकृतिविकल्प	26		26	चित्राभिनयः	122
27	सिद्धिव्यंजक	93		27	सिद्धिव्यंजनम्	102
28	जाति(गांधर्व)लक्षण	161		28	आतोद्यविधिः	141
29	ततोद्येति जातिलक्षण	125		29	ततातोद्यविधानम्	149
30	शुषिरातोद्य	13		30	सुषिरातोद्यविधानम्	12
31	तालविधानम्	339		31	तालव्यंजनम्	545
32	ध्रुवा अध्याय	443		32	ध्रुवा विधानम्	484

33	गुणाध्याय	22		33	वाद्याध्यायः	270
34	पुष्करवाद्य	260		34	प्रकृतिविचारः	79
35	भूमिविकल्प	39		35	भूमिकापात्रविकल्पः	87
36	नाटशाप	45		36	नाट्यावतारः	79
37	गुह्यविकल्प	33		---	-------	----
योगः-	4998 श्लोकाः			योगः-	5556 श्लोकाः	

।। परिशिष्ट – 2 ।।

ओरिएन्टल इन्स्टीट्युट, वडोदरा, (गायकवाड ओरिएन्टल सिरीझ) की समीक्षित आवृत्ति में—

अध्याय	शीर्षक	श्लोक
1	नाट्योत्पत्तिः	127
2	मण्डपविधानम्	105
3	रंगदैवतम्	102
4	ताण्डवविधानम्	320
5	पूर्वरंगप्रयोगः	174
6	रसाध्यायः	83
7	भावव्यंजकः	121
8	उत्तमांगाभिनयः	179
9	अङ्गाभिनयः	283
10	चारीविधानम्	103
11	मण्डलविकल्पनम्	70
12	गतिप्रचारः	237
13	प्रवृत्तिधर्मीव्यंजकः	87
14	वाचिकाभिनये छन्दोविधानम्	133
15	छन्दोविचितिः	227
16	वागभिनये काव्यलक्षणम्	128
-------	+ अनुबन्धः	42
17	वागभिनये काकुस्वरव्यंजनः	143
18	दशरूप-निरूपणम्	126
19	सन्धिनिरूपणम्	154
20	वृत्ति-विकल्पनम्	66
21	आहार्याभिनयः	227
22	सामान्याभिनयः	332
23	वैशिकः	80

24	पुंस्त्र्युपचारः	89
25	चित्राभिनयः	125
26	प्रकृतिविकल्पः	38
27	सिद्धिव्यंजकः	104
28	जातिविकल्प	141
29	ततातोद्यविधान	119
30	सुषिरातोद्य-विधानम्	12
31	ताल-अध्याय	378
32	ध्रुवा-विधान	437
33	गुणदोषविचार	23
34	पुष्कराध्याय	304
35	भूमिका-विकल्प	41
36	नटशाप	50
37	गुह्यतत्त्वकथन	31

सन्दर्भ-ग्रन्थ सूचि

1. नाट्यशास्त्रम्। (भाग- 1, अध्याय 1 से 7), (अभिनवगुप्त की टीका से साथ), सं. म. रामकृष्ण कवि, के. कृष्णमूर्ति के द्वारा पुनः संशोधित, ओरिएन्टल इन्स्टीट्युट, वडोदरा, 1992
2. नाट्यशास्त्रम्। (भाग- 2, अध्याय 8 से 18), (अभिनवगुप्त की टीका से साथ), सं. म. रामकृष्ण कवि, वी. एम. कुलकर्णी एवं तपस्वी नान्दी के द्वारा पुनः संशोधित, ओरिएन्टल इन्स्टीट्युट, वडोदरा, 2001
3. नाट्यशास्त्रम्। (भाग- 3, अध्याय 19 से 27), (अभिनवगुप्त की टीका से साथ), सं. म. रामकृष्ण कवि, वी. एम. कुलकर्णी एवं तपस्वी नान्दी के द्वारा पुनः संशोधित, ओरिएन्टल इन्स्टीट्युट, वडोदरा, 2003
4. नाट्यशास्त्रम्। (भाग- 4, अध्याय 28 से 37), (अभिनवगुप्त की टीका से साथ), सं. म. रामकृष्ण कवि, ओरिएन्टल इन्स्टीट्युट, वडोदरा, 1964
5. नाट्यशास्त्रम्। (भाग- 1, अध्याय 1 से 14), (नेवारी संस्करण), सं. कमलेश दत्त त्रिपाठी, इन्दिरा गान्धी राष्ट्रिय कला केन्द्र, वाराणसी शाखा, 2014
6. नाट्यशास्त्रम्।, सं. पण्डित शिवदत्त एवं काशीनाथ पाण्डुरंगी परब, निर्णय सागर प्रेस, मुंबई, 1994
7. नाट्यशास्त्रम्। सं. बटुकनाथ शर्मा एवं बलदेव उपाध्याय, चौखम्बा ओरिएन्टालिया, वाराणसी, 1980
8. भरत – ध नाट्यशास्त्र। लेखिका- श्रीमती कपिला वात्स्यायन, साहित्य अकादेमी, दिल्ली, 1996, (पुनर्मुद्रण 2005).
9. भरत – नाट्यमञ्जरी। (भाग- 1 एवं 2), सं. गोविन्द केशव भट, भाण्डारकर ओरिएन्टल रिसर्च इन्स्टीट्युट, पूणें, 1975 एवं 1981.

नाट्यशास्त्र के छन्दोविचिति अध्याय में वाचना भेद

मनसुख के. मोलिया

नाट्यशास्त्र के अध्याय १५ को 'छन्दोविचिति' कहा गया है।[1] इसके प्रथम श्लोक में कहा गया है कि "मैंने यहाँ जिन छन्दों का वर्णन किया है उनमें से नाट्य में प्रयोग करने के योग्य वृत्तों का ज्ञान प्राप्त करें।"[2] इस निर्देश के अनुसार इस अध्याय का वर्ण्य विषय नाट्य में प्रयोज्य वृत्तों का वर्णन है। इस अध्याय में तनुमध्या से लेकर भुजङ्गविजृम्भित तक के ५४ समवृत्त, १ दण्डक, ३ अर्धसमवृत्त, ८ विषमवृत्त और मात्रिक छन्द आर्या का निरूपण हुआ है।

छन्दों के निरूपण में सर्व प्रथम छन्द का लक्षण और उसके बाद उदाहरण का पद्य दिया गया है। यहाँ छन्दों के लक्षण-निरूपण की दो पद्धतियाँ प्राप्त होती हैं। (१) प्रथम पद्धति में लक्षण को अनुष्टुप् में निबद्ध किया गया है। जैसे कि, वसन्ततिलका, शिखरिणी आदि छन्दों के लक्षण अनुष्टुप् पद्य में हैं। (२) द्वितीय पद्धति में छन्द का लक्षण उसी निरूप्यमाण छन्द के स्वरूप में ही निबद्ध किया गया है। जैसे कि, वसन्ततिलका छन्द का लक्षण वसन्ततिलका के लघु-गुरु अक्षर स्वरूप में और शिखरिणी का लक्षण शिखरिणी छन्द के स्वरूप में हैं। अर्थात् ये लक्षण छन्दोनुसार स्वरूप में हैं। इस प्रकार से नाट्यशास्त्र के इस छन्दोविचिति अध्याय में छन्दों के लक्षण का पाठ द्विविध प्रकार से प्राप्त होता है। पाठ की इस द्विविधता से नाट्यशास्त्र में वाचना भेद का संकेत मिलता है।

नाट्यशास्त्र में प्राप्त छन्दोलक्षण के इस द्विविध पाठ की एक अन्य विशेषता भी ध्यानार्ह है। अनुष्टुप् छन्द में निबद्ध लक्षणों में प्रायः अक्षरों के लघु-गुरु स्थान का निर्देश हुआ है और छन्दोनुसार स्वरूप में निबद्ध लक्षणों में छन्दःशास्त्र के प्रसिद्ध अष्टगण का प्रयोग हुआ है।[3] इस दूसरे प्रकार के लक्षणों में यति का निर्देश भी किया गया है और यतिनिर्देश के लिए समुद्र, कृतिका, वसु जैसे प्रतीकों का प्रयोग हुआ है।

छन्दोविचिति अध्याय में कुल ५४ समवृत्तों का निरूपण हुआ है। उनमें से २२ वृत्तों के लक्षण मात्र अनुष्टुप् में हैं और तीन वृत्तों के लक्षण मात्र छन्दोनुसार स्वरूप में हैं। इस प्रकार २५ वृत्तों के लक्षण एक प्रकार से हैं। २९ समवृत्तों के लक्षण द्विविध हैं। उनका एक लक्षण अनुष्टुप् में और दूसरा छन्दोनुसार

---

[1] इति भारतीये नाट्यशास्त्रे छन्दोविचितिर्नामाध्यायः पञ्चदशः ॥ नाट्यशास्त्रम् (खण्ड २) , गायकवाड ओरिएन्टल सीरीझ क्रम ६८, मूल सम्पादक – एम.आर.कवि, संवर्धित आवृत्ति के सम्पादक – प्रो. वी.एम.कुलकर्णी और प्रो. तपस्वी नान्दी, प्राच्यविद्या मन्दिर, वडोदरा, द्वितीय आवृत्ति, ई.स. २००१, पृ. २९२

अभिनवभारती में इस अध्याय का नाम वृत्तविधिः प्राप्त होता है। वही, पृ.२९३

[2] छन्दांस्येव यानीह मयोक्तानि द्रोजोत्तमः । वृत्तानि तेषु नाट्येऽस्मिन् प्रयोज्यानि निबोधत ॥ ना.शा. १५.१

[3] यद्यपि तनुमध्या, मकरकशीर्षा और मालिनी वृत्तों के छन्दोनुसार स्वरूप के लक्षणश्लोक में भी लघु-गुरु का निर्देश किया गया है। ना.शा. १५.२, ४, ६

स्वरूप में अर्थात् दो प्रकार के हैं। अभिनवभारती में भी इस द्विविध पाठ का उल्लेख किया गया है। अभिवनगुप्ताचार्य लिखते हैं कि "यहाँ इस अध्याय में कुछ लक्षण भरतमुनि द्वारा रचित हैं और कुछ लक्षण मकारादि त्रिकों से किन्हीं लोगों ने स्वीकार किये हैं। अतः दो तरह का पाठ पुस्तक में दिखाई देता है और चिन्तन के लिए पुस्तकों के मध्य में दोनों को पढते हैं।"[4] इन २९ वृत्तों में एक मात्र मालिनी के छन्दोनुसार स्वरूप के लक्षण में गणनिर्देश के स्थान पर लघुगुरु निर्देश है और शेष सभी २८ वृत्तों में अष्टगणों का प्रयोग हुआ है।

(१) अनुष्टुप् में निबद्ध लक्षणों का वैशिष्ट्य

अनुष्टुप में निबद्ध छन्द के लक्षणश्लोक में अक्षरों के लघुगुरु स्थान का निर्देश है। पिंगलाचार्य प्रयुक्त अष्ट वर्णगणों का यहाँ उपयोग नहीं किया गया है। इसकी दूसरी विशेषता यह है कि यहाँ यति का निर्देश भी नहीं है। अनुष्टुप् में लक्षणविधान की यह प्रणाली प्राचीन प्रतीत होती है।

अनुष्टुप् में निबद्ध लक्षण के बाद उस छन्द के उदाहरण का पद्य मिलता है। उदाहरण के अधिकतर पद्यों में छन्द का नाम समाविष्ट किया गया है। लेकिन कुछ उदाहरणों में विलक्षणता देखी जाती है। कुछ वृत्तों के उदाहरण में उस वृत्त का नाम प्रयुक्त नहीं हुआ है।[5] इसका कारण यह है कि लक्षणश्लोक में प्रयुक्त नाम का लघु-गुरु वर्णक्रम छन्द के स्वरूप अनुसार नहीं हैं। इसलिए उनके उदाहरण के पद्य में उस नाम का प्रयोग करना असम्भव है।

छन्दोविचिति अध्याय में निरूपित छन्दों का क्रमशः विवरण इस प्रकार है।

(२) तनुमध्या और मकरकशीर्षा

छन्दोविचिति अध्याय में छन्दों के निरूपण का प्रारम्भ तनुमध्या से होता है। तनुमध्या गायत्री जाति का वृत्त है। अतः उसके प्रत्येक पाद में छः अक्षर होते हैं। इन छः अक्षरों में आरम्भ के दो और अन्तिम दो अक्षर गुरु और बीच के दो अक्षर लघु होते हैं। यदि गण की परिभाषा का प्रयोग किया जाय तो तनुमध्या में 'तय' गण होते हैं। नाट्यशास्त्र में इस वृत्त का लक्षण तनुमध्या के ही गणस्वरूप में दिया गया है और लक्षण के बाद तुरन्त उसका उदाहरण मिलता है।[6]

आद्ये पुनरन्त्ये द्वे द्वे गुरुणी चेत्।
सा स्यात्तनुमध्या गायत्रसमुत्था ॥ ना.शा. १५.२

संत्यक्तविभूषा भ्रष्टाञ्जननेत्रा।
हस्तार्पितगण्डा किं त्वं तनुमध्या ॥ ना.शा.१५.३

---

[4] तत्रेहाध्याये भरतमुनिकृतमिति त्रिकैर्मकारादिभिः कैश्चित्किञ्चिल्लक्षणं स्वीकृतमिति द्विविधः पुस्तकपाठो दृश्यते मध्य च चिन्तनाय पुस्तकेषूभयमपि पठ्यत इति॥ नाट्यशास्त्रम्, भाग-२, अध्याय -१५, पृ. २५२-५३

[5] उदाहरण के पद्य में छन्द के नाम का प्रयोग करने की सामान्य पद्धति में उद्धता, चित्तविलासित जैसे कुछ छन्द अपवाद हैं। उनके उदाहरण के पद्य में छन्द का नाम प्रयुक्त नहीं हुआ है।

[6] इस आलेख में जहाँ ना.शा. शब्दों से निर्दिष्ट किया गया है वहाँ वडोदरा से प्रकाशित गायकवाड ओरिएन्टल सीरीझ का संस्करण अभीष्ट है।

तनुमध्या के बाद मकरकशीर्षा का निरूपण इसी प्रकार से मिलता है अर्थात् लक्षण स्वयं मकरकशीर्षा के लघु-गुरु स्वरूपानुसार ही है और उसके बाद एक उदाहरण दिया गया है।[7]

(३) मालिनी और मालती

मकरकशीर्षा के बाद निरूपित छन्द मालिनी है। मालिनी में भी छः अक्षर होते हैं। उसका गणमाप रम है। इस मालिनी छन्द के लक्षण निरूपण में द्विविध पाठ देखा जाता है। प्रथम श्लोक में लक्षण मालिनी छन्द में है ओर दूसरे लक्षण में अनुष्टुप् का प्रयोग हुआ है।

एकमात्रं षट्के स्याद् द्वितीयं पादे।
ख्यातरूपा वृत्ते मालिनी सा नाम्ना ।। ना.शा. १५.६

षडक्षरकृते पादे लघु यत्र द्वितीयकम्।
शेषाणि तु गुरूणि स्युर्मालिनी सा मता यथा।। ना.शा. १५.७

स्नानगन्धाधिक्यैर्वस्त्रभूषायोगैः।
व्यक्तमेवासौ त्वं मालिनी प्रख्याता।। ना.शा. १५.८

इस मालिनी छन्द के लक्षण में दोनो प्रकार का पाठ प्राप्त है। प्रथम पाठ में मालिनी के लघु-गुरु अक्षर स्वरूपानुसार प्रत्येक पाद में छः अक्षर देखे जाते हैं। उसमें दूसरा अक्षर लघु है और बाकी के सभी अक्षर गुरु हैं। दूसरे लक्षण में अनुष्टुप् का प्रयोग हुआ है।

एक ही छन्द के लक्षण निरूपण में इस प्रकार से दो भिन्न प्रकार की पद्धति का प्रयोग चिन्तनीय है। यद्यपि दोनों प्रकार की पद्धति में दूसरे अक्षर का लघु स्वरूप निर्दिष्ट किया गया है और अष्टगण का प्रयोग नहीं हुआ है। मालिनी छन्द के लक्षण के इस द्विविध पाठ से स्वयं सिद्ध होता है कि नाट्यशास्त्र के पाठ में दो भिन्न प्रवाहों का सह अस्तित्व दृश्यमान है।

मालिनी छन्द के बाद मालती छन्द का निरूपण है। मालती का लक्षण केवल अनुष्टुप् में ही है। लक्षण के बाद तुरन्त उसका उदाहरण है।[8]

(४) उद्धता वृत्त : द्विविध पाठ

मालती के बाद उद्धता के निरूपण में द्विविध पाठ मिलता है और यहाँ त्रिक गण का प्रयोग भी हुआ है। उद्धता के प्रत्येक पाद में सात अक्षर होते हैं। सात अक्षर के पाद को उष्णिह् कहा जाता है। उद्धता में दूसरा, चौथा और पाँचवा अक्षर लघु होता है और शेष अक्षर गुरु होते हैं। अष्टगण की परिभाषा में इसका गणमान रसगा है।

---

[7] लघुगण आदौ भवति चतुष्कः। गुरुयुगमन्त्ये मकरकशीर्षा ।।
स्वयमुपयान्तं भजसि न कान्तम्। भयकरि किं त्वं मकरकशीर्षा ।। ना.शा. १५.४-५

[8] द्वितीयं पञ्चमं चैव लघु यत्र प्रतिष्ठितम्।
शेषाणि च च गुरूणि स्युर्मालती नाम सा यथा ।। ना.शा. १५.९

शोभते बद्धया षट्पदाविद्धया।
मालतीमालया मानिनी लीलया ।। ना.शा. १५.१०

द्वितीयं च चतुर्थं च पञ्चमं च यदा लघु।
यस्याः सप्ताक्षरे पादे ज्ञेया सा तूद्धता यथा।। ना.शा. १५.११

सौ त्रिकौ यदि पादे ह्यन्तिमश्च गकारः।
उष्णिगुत्थितपादा उद्धता खलु नाम्ना।। ना.शा. १५.१२

दन्तकुन्तकृतास्त्रं व्याकुलालकशोभम्।
शंसतीव तवास्यं निर्दयं रतयुद्धम्।। ना.शा. १५.१३

उद्धता के द्विविध लक्षण और उदाहरण समीक्षणीय हैं। अनुष्टुप् में प्राप्त लक्षणश्लोक में उसके लघु अक्षरों का विधान किया गया है। छन्दोनुसार स्वरूप में प्राप्त लक्षणश्लोक में र और स - इन दोनों गणों का स्पष्ट निर्देश है। तीन अक्षर के गण के लिए त्रिक शब्द का भी स्पष्ट उल्लेख है। अनुष्टुप् छन्द में निबद्ध लक्षण पूर्वकालीन और इस दूसरे प्रकार का लक्षण परवर्ती प्रतीत होता है। छन्दों के लक्षणों के लिए पिंगलाचार्य कृत अष्टगण के प्रयोग के पूर्वकाल से ही अनुष्टुप में उसके लघु-गुरु अक्षरों का स्थान निर्देश करने की पद्धति विद्यमान रही होगी।

उद्धता छन्द के उपर के उदाहरण पद्य में छन्द के नाम का प्रयोग नहीं हुआ है। नाट्यशास्त्र के अन्य संस्करणों में कहीं उद्धत शब्द का प्रयोग भी मिलता है।[9]

(५) द्विविध पाठ में एक ही वृत्त के भिन्न भिन्न नाम का प्रयोग: भ्रमरमालिका और भ्रमरमाला

तनुमध्या, मालिनी, मालती और उद्धता इन चार छन्दों के नाट्यशास्त्रीय मूल पाठ के बाद भ्रमरमालिका छन्द के द्विविध पाठ के अध्ययन से नाट्यशास्त्र के पाठ में प्रवाहित दो भिन्न परम्परा का स्पष्ट प्रमाण मिलता है।

भ्रमरमालिका उष्णिह् प्रकार का वृत्त है। उसके प्रत्येक पाद में सात अक्षर होते हैं। उसके सात अक्षरों में आरम्भ और अन्त के दो दो अक्षर गुरु होते हैं और बीच के तीन अक्षर लघु होते हैं। (गुरु, गुरु, लघु, लघु, लघु, गुरु, गुरु) छन्दःशास्त्रीय गण अनुसार तस गण के बाद एक गुरु अर्थात् तसगा गणमाप है । नाट्यशास्त्र में इस छन्द का द्विविध पाठ है। आरम्भ में अनुष्टुप् में निबद्ध लक्षण को देखेंगे।

आदौ द्वे निधने चैव गुरुणी यत्र वै सदा।
पादे सप्ताक्षरे ज्ञेया नाम्ना भ्रमरमालिका।। ना.शा. १५.१४

उपर्युक्त पद्य अनुष्टुप् में है। इस श्लोक के बाद इस छन्द के गणमान अनुसार अर्थात् उसके अक्षरों के लघु-गुरु क्रम की व्यवस्था अनुसार एक अन्य लक्षण मिलता है। बाद में उसके उदाहरण का पद्य है।

---

[9] दन्तकुन्तकृताङ्कं व्याकुलालकशोभम्।
शंसतीव तवास्यं युद्धमुद्धतवेषम्।। ना.शा. (काव्यमाला संस्करणक्रमांक ४३), १५.९
सं. पंडित केदारनाथ शर्मा, निर्णय सागर यन्त्रालय, मुम्बई, ई.स. १८९४

पादे यदि निविष्टौ सम्यग्विरचितौ सौ।
अन्त्ये यदि गकारः सा तु भ्रमरमाला।। ना.शा. १५.१५

नानाकुसुमविचित्रे प्राप्ते सुरभिमासे।
एषा भ्रमति मत्ता कान्ते भ्रमरमाला।। ना.शा. १५.१६

छन्दोनुसार पद्य में निबद्ध उपर्युक्त लक्षण और छन्द के उदाहरण को ध्यानपूर्वक देखने से पता चलता है कि दोनों में छन्द के नाम में परिवर्तन हो गया है। भ्रमरमालिका की जगह भ्रमरमाला का प्रयोग हुआ है। भ्रमरमालिका के स्थान पर भ्रमरमाला के प्रयोग से अर्थ में तो कुछ फर्क नहीं पडता है किन्तु नाट्यशास्त्र में विद्यमान भिन्न पाठप्रवाहों का प्रबल प्रमाण मिलता है।

प्रथम प्रकार के लक्षण श्लोक में अनुष्टुप् का प्रयोग है। अनुष्टुप् छन्द के प्रत्येक पाद में आठ अक्षर होते हैं। उनमें प्रथम और तृतीय पाद में पाँच, छः और सात – ये तीन अक्षर यगण अर्थात् लघु-गुरु-गुरु और द्वितीय और चतुर्थ पाद में ये तीनों अक्षर अनुक्रम से लघु-गुरु-लघु अर्थात् जगण स्वरूप में होते हैं। अनुष्टुप् की इस लघु-गुरु की वर्णयोजना में भ्रमरमालिका शब्द का प्रयोग सम्भव है और उपर्युक्त लक्षण इस शब्द का प्रयोग हुआ भी है।

तसगा गणमाप के अनुसार प्राप्त अक्षरों की क्रमिक स्थिति में भ्रमरमालिका शब्द का प्रयोग असम्भव है। अतः छन्दोनुसार स्वरूप में निबद्ध लक्षणश्लोक और उदाहरण के पद्य में इस शब्द का संनिवेश करना सम्भव नहीं है। भ्रमरमालिका के छः अक्षर अनुक्रम से लघु, लघु, लघु, गुरु, लघु और गुरु हैं। इस छन्द का गणमान तसगा है। इनके सात अक्षरों की क्रमिक स्थिति गुरु, गुरु, लघु, लघु, लघु, गुरु, गुरु है। इस अक्षरयोजना में भ्रमरमालिका शब्द के लिए उपयुक्त स्थान नहीं है। लक्षणश्लोक में छन्द के नाम को प्रयुक्त करने के लिए छन्द के नाम भ्रमरमालिका की जगह भ्रमरमाला किया गया है। इसलिए नाम में तनिक परिवर्तन करके भ्रमरमालिका की जगह भ्रमरमाला किया गया है।

इसी प्रकार से उदाहरण के पद्य में भी भ्रमरमालिका शब्द का प्रयोग असम्भव है। यदि इस छन्द के नाम का संनिवेश करना है तो भ्रमरमाला शब्द उपयुक्त नहीं है। अतः उसमें भी भ्रमरमाला शब्द का प्रयोग हुआ है।

छन्दोनुसार स्वरूप में निबद्ध इस लक्षण और छन्द के नाम से युक्त उदाहरण के पद्य से यह स्वतः सिद्ध होता है कि ये परवर्ती काल की रचना हैं। छन्द के लक्षण और उदाहरण के पद्य में छन्द के नाम के समावेश से चमत्कृति निष्पन्न होती है। छन्द के नाम प्रयोग से रहित उदाहरण के श्लोक की अपेक्षा नाम से संयुक्त उदाहरण की यह चमत्कृतिपूर्ण पद्धति अवश्य ही परवर्ती काल में आविर्भूत हुई होगी।

भ्रमरमालिका छन्द की इस समीक्षा से कहा जा सकता है कि नाट्यशास्त्र के छन्दोविचिति अध्याय में अनुष्टुप् छन्द में निबद्ध लक्षण बहुत पुरातन काल का प्रतिनिधित्व करते हैं। उस समय में छन्द के लक्षण के लिए उसी छन्द के स्वरूप का प्रयोग न किया जाता हौ और उदाहरण के पद्य में भी छन्द का नाम समाविष्ट न किया जाता हो। नाट्यशास्त्रकार भरत के उपरान्त वृद्ध भरत, आदि भरत आदि शब्दों की प्राप्ति से संकेत मिलता है कि नाट्यशास्त्र के उपलब्ध स्वरूप में उसकी रचना के कई स्तर विद्यमान है।

(६) द्विविध पाठ में एक ही वृत्त के भिन्न नाम प्रयोग के अन्य पाँच उदाहरण

द्विविध पाठ में एक ही छन्द के लिए भ्रमरमालिका और भ्रमरमाला जैसे दो नाम के प्रयोग के उदाहरण की तरह अन्य छन्दों में भी इस प्रकार से द्विविध पाठ में द्विविध नाम मिलते हैं। छन्दोविचिति अध्याय में इस प्रकार के अन्य पाँच उदाहरण उपलब्ध हैं।

(१) मनयग गण स्वरूप में स्थित दश अक्षर के वृत्त को उत्पलमालिका कहा गया है। उत्पलमालिका नाम में स्थित लघुगरु वर्णक्रम मनयग गणमान में प्राप्य नहीं है। अतः उत्पलमालिका की जगह दूसरा नाम कुवलयमालिका दिया गया है।

दशाक्षरकृते पादे त्रीण्यादौ नैधने।
यस्या गुरूणि सा ज्ञेया पङ्क्तिरुत्पलमालिका।। ना.शा. १५.३१

त्रीण्यादौ यदि हि गुरूणि स्युश्चत्वारो यदि लघवो मध्ये।
पङ्क्तावन्तगतमकारः स्याद्विज्ञेया कुवलयमालाख्या।। ना.शा. १५.३२

अस्मिंस्ते शिरसि तदा कान्ते वैडूर्यस्फटिकसुवर्णाढ्ये।
शोभां स्वां न वहति तां बद्धा सुश्लिष्टा कुवलयमाला।। ना.शा. १५.३३

(२) रजरगा गण स्वरूप और दश अक्षरों से युक्त वृत्त को शिखिसारिणी कहा गया है। छन्दोनुसार स्वरूप में प्राप्त लक्षण और उदाहरण के पद्य में उसे मयूरसारिणी कहा गया है।

द्वितीयं च चतुर्थं च षष्ठमष्टमेव च।
ह्रस्वं दशाक्षरे पादे यत्र सा शिखिसारिणी।। ना.शा. १५.३४

जौ त्रिकौ हि पादगौ तु यस्या गौ च संश्रितौ तथा समस्तौ।
पङ्क्तियोगसुप्रतिष्ठिताङ्गी सा मयूरसारिणीति नाम्ना।। ना.शा. १५.३५

नैव तेऽस्ति सङ्गमो मनुष्यैर्नापि कामभोगचिह्नमन्यत्।
गर्भिणीव दृश्यसे ह्यनार्ये किं मूयरसारिणी त्वमेवम्।। ना.शा. १५.३६

(३) रयनय गणमान के बारह अक्षर के कुमुदप्रभा के लिए कुमुदनिभा नाम का प्रयोग हुआ है।[10]

(४) यमनसरगा गणमान से युक्त सोलह अक्षर के वृत्त के लिए ललितप्रवर का प्रयोग छन्दोनुसार स्वरूप में असम्भव होने से प्रवरललित नाम स्वीकार किया गया है।[11]

(५) २५ अक्षरों से युक्त भमसभननननगा गणमान में क्रौञ्चपादी शब्द का प्रयोग सम्भव नहीं है। अतः दूसरे प्रकार के पाठ में क्रौञ्चपदा शब्द प्रयुक्त हुआ है। यह शब्द उदाहरण के पद्य में भी प्रयुज्य है।[12]

---

[10] ना.शा. १५. ५६, ५७, ५८

[11] ना.शा. १५.९८, ९९, १००

[12] ना.शा. १५.१४४-१४८

(७) चित्तविलासित छन्द

अनुष्टुप् में निबद्ध लक्षणश्लोकों में प्राप्त उपरनिर्दिष्ट भ्रमरमालिका, उत्पलमालिका, शिखिसारिणी, कुमुदप्रभा, ललितप्रवर और क्रौञ्चपादी नाम छन्दोनुसार स्वरूप में और उदाहरण के पद्यों में प्रयोगक्षम नहीं होने से उनमें परिवर्तन किया गया है। चित्तविलासित छन्द का नाम भी उसके छन्दःस्वरूप और उदाहरण में संनिवेश्य नहीं है। इस छन्द का लक्षण मात्र अनुष्टुप् में ही दिया गया है और उदाहरण के पद्य में छन्द के नाम का प्रयोग नहीं किया गया है। चित्तविलासित में कुल मिलाकर आठ अक्षर होते हैं। उसका पाँचवां, सातवां और अन्तिम अक्षर गुरु होता हैं। गण की परिभाषा अनुसार इसमें नजगागा गणमान है।

पञ्चमं सप्तमं चान्त्यं गुरु पादेऽष्टके तथा।
छन्दोज्ञैर्ज्ञेयमेतत्तु वृत्तं चित्तविलासितम्।। १५.२६

स्मितवशविप्रकाशैर्दशनपदैरमीभिः।
वरतनु पूर्णचन्द्र तव मुखमावृणोति।। १५.२७

(८) कुछ छन्दों के द्विविध उदाहरण

छन्द के लक्षण के बाद उसके उदाहरण में रूप में सामान्य तया एक श्लोक मिलता है। लेकिन कुछ छन्दों के उदाहरण में दो उदाहरण मिलते हैं। दो प्रकार से उदाहरणों की प्राप्ति से सूचित होता है कि नाट्यशास्त्र में एक से अधिक वाचनाओं का संमिश्रण है।

(१) उद्धता छन्द के दों उदाहरण प्राप्त होते हैं।

[13]दन्तकुन्तकृताख्वं व्याकुलालकशोभम्।
शंसतीव तवास्यं निर्दयं रतयुद्धम्।। ना.शा. १५.१३

दन्तकुन्तकृताह्व्यं व्याकुलालकशोभम्।
शंसतीव तवास्यं युद्धमुद्धतवेषम्।। ना.शा. काव्यमाला संस्करण, १५.९

यद्यपि गायकवाड, काव्यमाला और चौखम्भा संस्करण में कुछ पाठभेद है फिर भी तीनों संस्करणों में प्राप्त पद्य का मूल एक होने का अनुमान हो सकता है । छन्द के नाम को पद्य में प्रयुक्त करने के लिए उद्धतवेषम् वाला पाठ उद्भूत हुआ होगा ऐसी धारणा की जा सकती है ।

(२) रथोद्धता छन्द के भी दो उदाहरण प्राप्त होते हैं।

किं त्वया सुभट दूरवर्जितं नात्मनो न सुहृदां प्रियं कृतम्।
यत्पलायनपरायणस्य ते याति धूलिरधुना रथोद्धता।। ना.शा. १५.४७

किं त्वया कुमतिसङ्गया सदा नाज्ञयेव सुहृदां प्रियं कृतम्।
यद्गृहाद्वचनरोषकम्पिता याति तूर्णमबला रथोद्धता।। ना.शा. १५.४८

---

[13] दन्तघातकृताङ्कं ..... ॥ ना.शा. १६.९
संपादक : पंडित बटुकनाथ शर्मा तथा पंडित बलदेव उपाध्याय, काशी संस्कृत ग्रन्थमाला क्रमांक ६०, चौखम्भा संस्कृत संस्थान, वाराणसी, ई.स.१९८०

(३) पद्मिनी छन्द के भी दो उदाहरण प्राप्त होते हैं।

देहतोयाशया वक्त्रपद्मोज्ज्वला नेत्रभृङ्गाकुला दन्तहंसस्मिता।
केशपाशच्छदा चक्रवाकस्तनी पद्मिनीव प्रिये भासि मे सर्वदा।। ना.शा. १५.७६

फुल्लपद्मानना त्वं द्विरेफेक्षणा केशपत्रच्छदा चक्रवाकस्तनी।
पीततोयावली बद्धकाञ्चीगुणा पद्मिनीव प्रिये भासि नीरे स्थिता।। ना.शा. १५.७७

(४) शार्दूलविक्रीडित छन्द के भी दो उदाहरण प्राप्त होते हैं।[14] दोनों उदाहरणों में शार्दूलविक्रीडित नाम का प्रयोग हुआ है।

(५) क्रौञ्चपादी छन्द के दो उदाहरण प्राप्त होते हैं।[15] क्रौञ्चपादी नाम छन्द की गणयोजना में समाविष्ट होने के लिए उपयुक्त नहीं है। प्रथम उदाहरण में छन्द के नाम का प्रयोग नहीं हुआ है। दूसरे उदाहरण में नाम में परिवर्तन करके क्रौञ्चपदा शब्द का प्रयोग किया गया है। इससे स्पष्ट होता है कि प्रथम उदाहरण पूर्वकालीन है।

(९) पिंगलाचार्य पूर्ववर्ती विलक्षण परम्परा का दर्शन : द्विविध वाचना का अन्य साक्ष्य

नाट्यशास्त्र में अनुष्टुप छन्द में निबद्ध लक्षण छन्दोनुसार स्वरूप में निबद्ध लक्षणों से पूर्वकालीन प्रतीत होते हैं उसकी चर्चा उपर की गई है। अनुष्टुप् में प्राप्त लक्षणों में कुछ ऐसे नाम प्राप्त होते हैं जो नाट्यशास्त्र के सिवाय अन्यत्र उपलब्ध नहीं होते हैं। कतिपय उदाहरण से इसको देखेंगे।

छन्दःशास्त्र के उपलब्ध प्राचीनतम ग्रन्थ पिंगलाचार्य का छन्दःशास्त्र है। इस ग्रन्थ में सूत्रशैली से छन्दों के लक्षण का निरूपण हुआ है। अष्ट वर्णगण और यतिनिर्देश पिंगलाचार्य के ग्रन्थ की विशेषता है। पिंगलाचार्य के परवर्ती काल में प्रायः अधिकतर आचार्यों ने उनके द्वारा स्वीकृत नामों का स्वीकार किया है। लेकिन नाट्यशास्त्र के अनुष्टुप् छन्द में निबद्ध लक्षणश्लोकों में कुछ छन्दों के लिए विलक्षण नाम का प्रयोग हुआ है। इस सन्दर्भ में द्रुतविलम्बित और पृथ्वी छन्द की चर्चा करेंगे।

नभभर गणमाप से युक्त बारह अक्षरों का छन्द द्रुतविलम्बित नाम से प्रसिद्ध है। पिंगलाचार्य ने इसको द्रुतविलम्बित कहा है। पिंगलाचार्य के परवर्ती संस्कृत लक्षणकारों ने मतैक्य से इसके लिए द्रुतविलम्बित नाम ही स्वीकार किया है। किन्तु नाट्यशास्त्र में इस वृत्त के लिए बिलकुल विलक्षण नाम प्राप्त होता है। अनुष्टुप् में निबद्ध लक्षण में इसको हरिणप्लुता कहा गया है।

